Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar



हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा, बस्ती, सहारनपुर मंडल, दिल्ली एनसीआर, उत्तराखंड एवं राजस्थान में प्रसारित



अमित शाह बोले- हिंदी का दूसरी भाषाओं से कॉम्पिटिशन..........01

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

सीएम योगी ने गणेश चतुर्थी की दी शुभकामनाएं.........01

वर्ष: ०4 अंक: 71 | बदायूं, मंगलवार 15 सितंबर 2०26 | पृष्ठ- ०8 | मूल्य- 4.०० रूपये

## सेना की रिपोर्ट: एलएसी पर चीन ने सैनिक घटाए, 2025 में 12 पाकिस्तानी आतंकी मारे गए

### ● एलओसी पर सीजफायर उल्लंघन 2 से बढ़कर 163 हुए



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय सेना ने 2025-26 की अपनी सालाना रिपोर्ट में बताया है कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (PLA) ने LAC पर सैनिकों की संख्या घटाई है। LAC और चीन के मिलिट्री ट्रेनिंग सेंटर में अब करीब 10 कंबाइंड आर्म्स ब्रिगेड के आकार की सैन्य टुकड़ियां तैनात हैं। एक ब्रिगेड में करीब 3 हजार सैनिक होते हैं। कंबाइंड आर्म्स ब्रिगेड में पैदल गस्त करने वाली सेना, टैंक, तोपखाना और एयर डिफेंस जैसी अलग-अलग सैन्य क्षमताएं शामिल होती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि LAC के सभी सेक्टरों में भारतीय सेना की तैनाती मजबूत है और वह किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है।

रिपोर्ट में जम्मू-कश्मीर के हालात में भी सुधार बताया गया है। यहां 2025 में पत्थरबाजी की एक भी घटना नहीं हुई। हालांकि, LoC पर सीजफायर उल्लंघन बढ़े। 2024 की तुलना में 2025 में सीजफायर के मामले 2 से बढ़कर 163 हो गए। वहीं 12 पाकिस्तानी आतंकी ढेर हुए।

**भारत-चीन के बीच सैन्य बातचीत फिर शुरू हुई:** रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में भारत और चीन के बीच सैन्य बातचीत फिर शुरू हुई। मार्च और जुलाई में WMCC की 33वीं और 34वीं बैठक हुई। सीमा विवाद को सुलझाने के लिए विशेष प्रतिनिधियों की बातचीत भी दिसंबर 2024 और अगस्त 2025 में हुई। अगस्त 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन गए और तियानजिन में SCO शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। इसके बाद 25-26 अक्टूबर को पूर्वी लद्दाख में 23वीं कोर कमांडर स्तर की बैठक हुई।

सीमा पर दोनों देशों के सैनिकों के बीच बॉर्डर पर्सनल मीटिंग भी चलती रहीं। सेना ने बताया कि इन बैठकों में माहौल शांतिपूर्ण रहा और आपसी विवादों को बातचीत के जरिए सुलझाने की कोशिश की गई।

**जम्मू-कश्मीर में हिंसा कम, स्थानीय युवाओं की भर्ती में भी गिरावट:** रिपोर्ट के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति सेना के लगातार प्रयासों से कंट्रोल में रही। हिंसा का स्तर और विरोध-प्रदर्शन कम हुए।

सेना ने बताया कि 2025 में सिर्फ एक स्थानीय युवक आतंकी संगठनों में शामिल हुआ। इससे पाकिस्तान के उस दावे को झटका लगा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद स्थानीय स्तर पर पैदा हो रहा है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि जम्मू-कश्मीर के लोग सरकार और सेना की विकास योजनाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

**ड्रोन के जरिए हथियार और नशे की तस्करी...** रिपोर्ट के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सुरक्षाबलों ने 2025 में 2 एके-47 राइफल, 75 पिस्टल और 281.41 किलो नशीला सामान बरामद किया। सेना के मुताबिक, यह सामान ड्रोन के जरिए सीमा पार से भेजा गया था। खासकर पंजाब में ड्रोन के जरिए हथियार और नशीले पदार्थों की तस्करी पश्चिमी सीमा के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है।

## : ब्रीफ बॉक्स :

### ममता के 20 बागी सांसदों में 17 भाजपा में जाएंगे

यूसुफ पठान सहित तीन का बाहर से समर्थन



**कोलकाता,एजेंसी।** ममता बनर्जी से अलग हुए TMC के 20 बागी सांसदों में से 17 सांसद अक्टूबर में दुर्गा पूजा से पहले या बाद भाजपा में शामिल होंगे।

कूच बिहार सांसद जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया ने रविवार को कोलकाता में पत्रकारों से बातचीत में इसकी जानकारी दी। बसुनिया के अनुसार, दो-तिहाई से ज्यादा सांसदों के साथ जाने से दल-बदल कानून लागू नहीं होगा।

बंगाल में TMC की हार के बाद 14 जून को बागी सांसदों ने ममता का साथ छोड़ दिया था। इन सांसदों ने त्रिपुरा की स्थानीय पार्टी NCPI में विलय किया और NDA को समर्थन देने का ऐलान किया।

अब ये सांसद सीधे भाजपा में शामिल होंगे हालांकि तीन सांसद- अबू ताहेर खान, खलीलुर रहमान और यूसुफ पठान भाजपा में शामिल हुए बिना बाहर से NDA का समर्थन करेंगे। टीएमसी के पास कुल 28 लोकसभा सांसद थे, जिसमें से 20 अलग हो गए हैं। अब लोकसभा में ममता के पास सिर्फ 8 सांसद बचे हैं।

### पत्रकार तरुण तेजपाल का गोवा कोर्ट में सरेंडर, जेल गए



**मुंबई,एजेंसी।** तहलका के पूर्व एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल ने 2013 के रेप केस में सोमवार को गोवा की मापुसा कोर्ट में सरेंडर कर दिया। बॉम्बे हाईकोर्ट से दोषी ठहराए जाने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें तीन हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश दिया था। सरेंडर के बाद तेजपाल को नॉर्थ गोवा की कोलवाले सेंट्रल जेल भेज दिया गया, जहां वह 10 साल की सश्रम कारावास की सजा काटेंगे। सुप्रीम कोर्ट में उनकी दोषसिद्धि और सजा के खिलाफ अपील पर 22 सितंबर को सुनवाई होनी है।

**सुप्रीम कोर्ट ने सरेंडर से छूट की मांग ठुकराई:** 25 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने तेजपाल की सरेंडर से छूट देने की याचिका खारिज कर दी थी। जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने उन्हें तीन हफ्ते के भीतर सरेंडर करने का निर्देश दिया था।

कोर्ट ने यह भी कहा था कि सरेंडर का प्रमाणपत्र जमा होने पर उनकी आपराधिक अपील को 22 सितंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। प्रमाणपत्र 21 सितंबर तक जमा करना होगा।

**बॉम्बे हाईकोर्ट ने पलटा था बरी करने का फैसला:** 6 अगस्त को बॉम्बे हाईकोर्ट ने तेजपाल को 2013 में एक जूनियर महिला सहकर्मी के साथ रेप का दोषी ठहराया था।

## शाह बोले: हिंदी का दूसरी भाषाओं से कॉम्पिटिशन नहीं, विविधता देश की ताकत

### युवा दुनियाभर की भाषाएं सीखें, लेकिन अपनी मातृभाषा न छोड़ें



**मुंबई,एजेंसी।** गृह मंत्री अमित शाह ने हिंदी दिवस पर अपने वर्चुअल संबोधन में कहा कि हिंदी का दूसरी भारतीय भाषाओं से कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की भाषाई विविधता उसकी सबसे बड़ी ताकत है और हर भाषा अपने साथ इतिहास, लोक परंपराएं और संस्कृति लेकर चलती है।

शाह ने युवाओं से दुनिया की ज्यादा से ज्यादा भाषाएं सीखने, लेकिन अपनी मातृभाषा न छोड़ने की अपील की। उन्होंने माता-पिता से भी बच्चों से मातृभाषा में बात करने को कहा। शाह के मुताबिक, अपनी भाषा बोलने को लेकर हीन भावना नहीं होनी चाहिए, क्योंकि भाषा ही लोगों को उनकी मां, मिट्टी, इतिहास और संस्कृति से जोड़ती है।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भारतीय भाषाओं ने राष्ट्र निर्माण और विकास को लोगों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। शाह ने हिंदी को आगे बढ़ाने में स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान का भी जिक्र किया।

आजादी के बाद भारतीय भाषाओं की भूमिका शाह ने कहा- आजादी के बाद भारतीय भाषाएं राष्ट्र निर्माण, प्रशासन और विकास को आम लोगों तक पहुंचाने का माध्यम बनीं। हिंदी समेत सभी भारतीय भाषाओं ने जनजागरण, राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता के आदर्शों को आगे बढ़ाया।

हिंदी से सीधे जुड़ते हैं आम लोग- गृह मंत्री ने कहा- मेरी मातृभाषा गुजराती है। लेकिन जब मैं देश के किसी भी कोने में जाता हूं, तो वहां के आम लोगों से सीधे जुड़ने वाली भाषा हिंदी होती है।

गैर-हिंदी भाषी महापुरुषों ने भी दिया योगदान- शाह ने कहा- स्वामी दयानंद सरस्वती की मातृभाषा गुजराती थी, फिर भी उन्होंने 'सत्यार्थ प्रकाश' हिंदी में लिखा। महात्मा गांधी ने 1918 में मद्रास में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की। नेताजी सुभाष चंद्र बोस बंगाली भाषी थे, फिर भी उन्होंने आजाद हिंद फौज में हिंदी को संवाद की भाषा बनाया और देश को 'जय हिंद' का नारा दिया।

औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति का जिक्र- गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से औपनिवेशिक मानसिकता की गुलामी से मुक्ति का आह्वान किया है। भाषा इस स्वतंत्रता को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## देशभर में गणेश उत्सव शुरू

### इंदौर में 3 टन मिट्टी से बने बप्पा

● हैदराबाद में 72 फीट ऊंची प्रतिमा ● लालबाग के राजा में श्रद्धालुओं की भीड़



**मुंबई/ जयपुर/ भोपाल/ पटना,एजेंसी।** देशभर में सोमवार से गणेश महोत्सव शुरू हो गया है। इंदौर के तिलक नगर में 3 टन मिट्टी से 14 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा विराजित की गई है। प्रतिमा और पूरे पंडाल को प्रकृति-पशु कल्याण का संदेश देने के रूप में सजाया गया है। हैदराबाद के खैरताबाद में 72 फीट ऊंची प्रतिमा लाई गई है। वहीं, उप्पुगुडा में विकसित भारत 2047 की थीम पर पंडाल और गणेश प्रतिमा बनाई गई है।

मुंबई के प्रसिद्ध लालबाग के राजा का पंडाल और बप्पा की प्रतिमा शिव की थीम पर आधारित है, जिसके केंद्र में एक विशाल त्रिशूल भी सजाया गया है। मंडल के अनुसार यह उसका 93वां गणेशोत्सव है। दर्शनों के लिए श्रद्धालु लंबी लाइन लगाकर खड़े हैं।

जयपुर के मोती डूंगरी गणेश मंदिर में सिंजारा महोत्सव और जन्मोत्सव पर विशेष दर्शन व्यवस्था की गई है। यहां श्रद्धालु सुबह 5 बजे से रात 11:40 बजे तक दर्शन कर सकेंगे।

पटना में इस बार मदुरई के प्रसिद्ध मीनाक्षी मंदिर की तर्ज पर पंडाल बनाया गया है। यहां मुंबई के लालबाग के राजा की प्रतिमा स्थापित की गई है, जो साढ़े 5 फीट ऊंची है।

## केदारनाथ रूट पर बारिश-लैंडस्लाइड, एक की मौत, यात्रा रुकी

### बिहार के 14 जिलों में बाढ़, गंगा में 6 दिनों से फंसा क्रूज; म.प्र.-राजस्थान में तेज बारिश



**नई दिल्ली/पटना,एजेंसी।** देश के कई राज्यों में बारिश अब आफत बनती जा रही है। उत्तराखंड में जगह-जगह लैंडस्लाइड हो रही है। केदारनाथ के चीरबासा हेलिपैड के पास रविवार को पहाड़ से चट्टानें गिरने से 65 साल के व्यक्ति की मौत हो गई।

केदारनाथ पैदल मार्ग पर भी लैंडस्लाइड हुई, जिसके बाद यात्रा रोक दी गई है। भीमबली से केदारनाथ के बीच करीब 1,000 यात्री फंसे हैं। इनमें कई लोगों की तबीयत बिगड़ गई। बिहार में 14 जिलों के 2,360 गांव बाढ़ की चपेट में हैं और 48 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य की 8 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। गंगा का जलस्तर बढ़ने से कोलकाता से वाराणसी जा रहा राजमहल क्रूज भागलपुर में छह दिनों से फंसा है। क्रूज पर सवार 9 विदेशी समेत 11 पर्यटकों को रविवार को सुरक्षित निकाल लिया गया।

राजस्थान में आज 36 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। बंगाल की खाड़ी में बने लो-प्रेशर सिस्टम का असर 16 सितंबर तक रहने का अनुमान है। वहीं मध्य प्रदेश में इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर संभाग में तीन मानसूनी सिस्टम एक्टिव हैं।

## नगालैंड में जहरीली शराब पीने से 9 लोगों की मौत

### छापेमारी में 470 बोतलें और बीयर कैन जब्त, राज्य में शराब पर है बैन





**कोहिमा,एजेंसी।** नगालैंड के तुएनसांग जिले में पिछले तीन दिनों में जहरीली शराब पीने से नौ लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक ही परिवार के तीन सदस्य भी शामिल हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शराब पीने के बाद कुछ लोगों को सांस लेने में तकलीफ हुई और बाद में उनकी मौत हो गई। घटनाओं की जानकारी मिलने के बाद तुएनसांग पुलिस ने शहर और चेंदांग सैडल इलाके में व्यापक तलाशी और छापेमारी अभियान चलाया।

इस दौरान कई जगहों से शराब के पाउच, करीब 470 बोतल IMFL (इंडियन मेड फॉरेन लिकर) और बीयर के कैन जब्त किए गए।

**शराब बेचने वाले परिवार के एक सदस्य ने फांसी लगाई:** पुलिस के मुताबिक, तुएनसांग शहर और चेंदांग सैडल गांव में 10 और 11 सितंबर को मौतों की घटनाएं सामने आईं। शनिवार को तुएनसांग सिविल अस्पताल में भर्ती लोगों की मौत का पैटर्न सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

**शराब पीने के बाद सभी की तबीयत बिगड़ी...** जांच में सामने आया कि मृतकों में से ज्यादातर ने तबीयत बिगड़ने से पहले शराब पी थी। इसके बाद उन्हें धुंधला दिखाई देना, तेज सिरदर्द, चक्कर, जी मिचलाना और उल्टी जैसी समस्याएं हुई। परिवार वालों ने इन्हें अस्पताल में एडमिट करवाया, जहां इलाज के दौरान ये मौतें हुई।

## दिशा सालियान की मौत पर सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की

पहले 2 जांच में हादसा बताया गया

एक्टर सुशांत की मैनेजर थीं दिशा



**मुंबई,एजेंसी।** एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने सोमवार को FIR दर्ज की है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने दिशा के पिता की याचिका पर CBI जांच के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने मुंबई पुलिस की जांच पर सवाल उठाते हुए कहा था कि छह साल तक FIR दर्ज नहीं करना और मामले को सिर्फ हादसे के रूप में देखना कई सवाल खड़े करता है। मुंबई पुलिस ने दो बार जांच की थी और दिशा की मौत को हादसा बताया था।

दिशा की मौत 8 जून 2020 को मुंबई के मलाड में एक इमारत की 14वीं मंजिल से गिरने से हुई थी। घटना के छह दिन बाद, 14 जून 2020 को सुशांत सिंह भी मुंबई के बांद्रा स्थित अपने अपार्टमेंट में मृत मिले थे। दिशा केस की शुरुआती जांच करीब तीन महीने में बंद कर दी गई थी, लेकिन सोशल मीडिया पर अलग-अलग दावे सामने आने के बाद 2023 में इसे दोबारा खोला गया और SIT बनाई गई। तब से जांच जारी है।

## ऑपरेशन सिंदूर में 314 किमी. दूर पाकिस्तानी विमान गिराया

### ● रक्षा मंत्रालय बोला- दूरी दुश्मन को बचा नहीं सकती

### एस-400 डिफेंस सिस्टम ने निशाना बनाया





**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना के एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के अंदर 314किमी. की दूरी पर उड़ रहे एक विमान को मार गिराया था। रक्षा मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट में गिराए गए विमान को स्पेशल मिशन एयरक्राफ्ट कहा गया है। हालांकि, वायुसेना के अफसर पहले बता चुके हैं कि यह पाकिस्तान का AWACS विमान था, जो हवा में खतरे और टारगेट की एकसाथ पहचान करता है। इसे हवाई कमांड सेंटर भी कहा जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह भारत की तरफ से सतह से हवा में किया गया सबसे लंबी दूरी का हमला था। इससे साफ हुआ कि दूरी दुश्मन के विमान को भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम से नहीं बचा सकती।

**सिस्टम ने खतरा ट्रैक करके गाइडेड मिसाइल दागी:** रिपोर्ट के मुताबिक, एस-400 ने पाकिस्तानी विमान के खतरे को ट्रैक किया। इसके बाद लंबी दूरी की जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल को टारगेट की तरफ गाइड किया गया। मिसाइल ने पाकिस्तानी विमान पर सटीक निशाना लगाया।

**ग्राफिक से समझिए एस-400 डिफेंस सिस्टम की ताकत...** एस-400 ट्रायम्फ रूस का एडवांस्ड मिसाइल सिस्टम है, जिसे 2007 में लॉन्च किया गया था। यह सिस्टम फाइटर जेट, बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइल, ड्रोन और स्टेल्थ विमानों तक को मार गिरा सकता है।

## थोक महंगाई अगस्त में बढ़कर 9.92% पहुंची: 8 महीने में सबसे ज्यादा

### ● खाने-पीने की चीजें ● ईंधन महंगे होने का असर



**नई दिल्ली,एजेंसी।** अगस्त में थोक महंगाई बढ़कर 9.92% हो गई। जुलाई में यह 9.78% थी। खाने-पीने की चीजें, फ्यूल, पावर और मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स महंगे होने की वजह से यह बढ़ोतरी दर्ज की गई। सरकार ने आज, 14 सितंबर को ये आंकड़े जारी किए।

महंगाई दर 9.92% होने का मतलब यह है कि जो सामान पिछले साल इस समय थोक बाजार में 100 का मिल रहा था, वह आज लगभग 109.92 का है।

**खाने-पीने की चीजें भी महंगी:** आम आदमी की रसोई से जुड़े फूड प्रोडक्ट्स की कीमतों में भी तेजी आई है। थोक मूल्य सूचकांक में फूड इंडेक्स की हिस्सेदारी 24.99% होती है। अगस्त 2026 में खाने-पीने की चीजों की थोक महंगाई बढ़कर 7.05% पर पहुंच गई, जो जुलाई में 6.65% थी।

**थोक महंगाई का आम आदमी पर असर:** थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं।

सरकार केवल टैक्स के जरिए होलसेल प्राइस इंडेक्स (WPI) को कंट्रोल कर सकती है, जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। WPI में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

**दो तरह की होती है महंगाई...** भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल यानी खुदरा और दूसरी थोक महंगाई होती है। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है। इसको कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (CPI) भी कहते हैं। वहीं, होलसेल प्राइस इंडेक्स (WPI) का अर्थ उन कीमतों से होता है, जो थोक बाजार में एक कारोबारी दूसरे कारोबारी से वसूलता है।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों हेतु समीक्षा बैठक संपन्न

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** भूपेंद्र सिंह चौधरी मा० मंत्री, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग उ०प्र० व जनपद प्रभारी मंत्री जी की अध्यक्षता में तथा जनपद के मा.जनप्रतिनिधिगण मा. केंद्रीय मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल जी, सांसद फतेहपुर सीकरी राजकुमार चाहर, महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह जी, मा.जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया जी,उ.प्र. लघु उद्योग निगम लिमिटेड अध्यक्ष राकेश गर्ग, मा.अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक प्रदीप भाटी, माननीय विधायक रानी पक्षालिका सिंह , डॉ. जीएस धर्मेश, पुरुषोत्तम खंडेलवाल, छोटेलाल वर्मा, डॉ. धर्मपाल सिंह , विधान परिषद सदस्य विजय शिवहरे जी, जिलाध्यक्ष भाजपा प्रशांत पौनिया, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता की गरिमामई उपस्थिति में सेवा संकल्प



अभियान-2026 की तैयारियों हेतु समीक्षा बैठक सर्किट हाउस में संपन्न हुई।

बैठक में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 31 दिवसीय अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यक्रमों, विभागवार दायित्व, नोडल अधिकारियों, स्थल चयन, कार्यक्रमों की रूपरेखा, जनसहभागिता की तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक में सेवा संकल्प अभियान-2026 हेतु नोडल अधिकारी सीडीओ प्रतिभा सिंह द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रत्येक कार्यक्रम की तिथि, समय, स्थल, नोडल एवं सह-नोडल अधिकारी, संबंधित विभाग आदि की समेकित कार्ययोजना प्रस्तुत की। मा.जनपद प्रभारी मंत्री महोदय ने प्रत्येक कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ली तथा सभी विभागों तथा मा.जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर सभी तैयारियों को पूर्ण करने, कार्य योजना को जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराने तथा व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम संपन्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मा.प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 25 वर्षों के निरंतर जनसेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा नागरिकों को 'विकसित भारत 2047' के सामूहिक संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान में केंद्र सरकार के 12 वर्षों एवं प्रदेश सरकार के 10 वर्षों की जनकल्याणकारी एवं विकासपरक उपलब्धियों, लाभार्थियों एवं परिवर्तनकारी कार्यों की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने, पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से आच्छादित करने,प्रमाणिक डेटा संकलित करने तथा डिजिटल माध्यम से प्रचार-प्रसार की कार्ययोजना भी शामिल है।

बैठक में बताया गया कि 17 सितंबर को सेवा दिवस के रूप में सेवा संकल्प अभियान-2026 का शुभारंभ होगा जिसके अंतर्गत आशीर्वाद का दीया थीम पर जनपद के प्रमुख विकास एवं अवस्थापना स्थलों, पंचायतघर विभिन्न सामूहिक स्थलों पर सायं 7 बजे दीप प्रज्वलन किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि जनपद के कैलाश मंदिर घाट पर 15 हजार, बटेश्वर मंदिर कॉरिडोर स्थल पर 15 हजार, यमुना आरती स्थल पर यमुना किनारा पर 15 हजार, पालीवाल पार्क में 10 हजार, शहीद स्मारक पर 10 हजार, बल्केश्वर मंदिर पर घाट पर 10 हजार, रामबाग यमुना घाट पर 10 हजार, फतेहपुर सीकरी किला पर 10 हजार, अटल आवासीय विद्यालय फतेहपुर सीकरी पर 10हजार, सती माता मंदिर फतेहाबाद एवं गीत गोविंद वाटिका स्थल पर दीयों का प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम संपन्न होगा। अस्पतालों में ब्लड डोनेशन कैंप, फल वितरण, तथा उसी दिन विश्वकर्मा जयंती पर टूलकिट वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा।

मा.जनपद प्रभारी मंत्री महोदय ने ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सभी कार्यक्रम स्थलों पर साफ-सफाई, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि अभियान के अंतर्गत वाराणसी से मा.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मस्थान गुजरात के मेहसाणा जिले में स्थित वडनगर तक यात्रा प्रस्तावित है, उक्त यात्रा जनपद से भी जाएगी। जनपद में प्रस्तावित स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सभी विकासखंड एवं नगरीय निकाय स्तर पर बहुउद्देशीय सेवा शिविर आयोजित कर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी, पात्रता सत्यापन एवं आवेदन की सुविधा एक ही स्थान पर कल्याण शिविर लगा कर उपलब्ध कराई जाएगी। सेवा सेतु अभियाष में सभी सेवा प्रदाता विभागों यथा राजस्व, स्वास्थ्य, श्रम, समाज कल्याण, महिला व बाल विकास, दिव्यांग सशक्तिकरण,खाद्य रसद शिक्षा, कृषि, पुलिस आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगा कर मौके पर ही पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा।

17 अक्टूबर को लखनऊ में 01 लाख से अधिक जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यक्रम में अभियान का समापन होगा। 'विद्यार्थियों से लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों तक होंगे कार्यक्रम' 'मेरे सपनों का भारत' के अंतर्गत विद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में ड्राइंग, भाषण एवं डिबेट प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी तथा श्रेष्ठ प्रविष्टियों की प्रदर्शनी कराई जाएगी। 25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक 'आंगन मिलन सेवा' के तहत प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर तीन दिवसीय आयोजन, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं का सम्मान, पोषण-स्वास्थ्य जागरूकता, हेल्दी बेबी प्रतियोगिता तथा बच्चों को उपयोगी सामग्री वितरण किया जाएगा। 'लाभार्थी कहानियां, सेवा गतिविधियां और सेवा शिविर होंगे अभियान का प्रमुख हिस्सा' 'सेवा की कहानी' के तहत जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित नागरिकों की सफलता की कहानियों पर रील एवं डिजिटल कंटेंट तैयार कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा सोशल मीडिया 'सेवा मेरा योगदान' के अंतर्गत रक्तदान, स्वच्छता, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जांच, वृद्धाश्रम एवं अनाथालय सेवा, नशामुक्ति, पोषण, जल संरक्षण, साइबर सुरक्षा, दिव्यांगजन सहयोग, गौशाला सेवा सहित विभिन्न सेवा गतिविधियों में जनभागीदारी कराई जाएगी।

## सार-संक्षेप

### पति और सास ने बनाया देह व्यापार करने का दबाव



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली।** में एक महिला ने अपने पति और सास पर देह व्यापार करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। महिला ने इज्जत नगर थाने में आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि उसका प्रेम विवाह हुआ था। विवाह के बाद पति और ससुरालवाले दहेज की मांग करने लगे। ससुरालवालों ने कहा कि हमारे यहां देह व्यापार होता है इसलिए तुझे भी यही काम करना पड़ेगा। महिला ने अपने पिता को इस बारे में बताया तो उन्होंने कुछ रुपये का इंतजाम कर ससुरालवालों को दिए। कुछ दिनों के बाद ससुरालवाले एक लाख रुपये और बुलेट बाइक मांगने लगे। 25 जून को ससुराल वाले महिला को पीट रहे थे, तभी उसका भाई बचाने पहुंच गया। ससुराल वालों ने उसे भी पीटकर कमरे में बंद कर दिया और उसका मोबाइल फोन छीन लिया। महिला की मां ने बमुश्किल दरवाजा खुलवाया। इसके बाद महिला को घर से निकाल दिया और देह व्यापार करने पर ही घर में रखने की बात कही। आरोप है कि पति के घर में पहले से देह व्यापार होता है इसलिए वह लोग उस पर भी ऐसा करने का दबाव डाल रहे हैं। एएसपी शिवम आशुतोष सिंह ने बताया कि इज्जत नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है, आरोपों की जांच की जा रही है।

### नगर निगम की कंडम मार्केट में चल रहा कारोबार, निजी जर्जर भवनों पर लगा रहे लाल निशान





**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली में नगर निगम की दो सौ दुकानें और कुछ भवन जर्जर हाल में हैं, लेकिन जिम्मेदार इनकी सुध नहीं ले रहे हैं। दूसरी ओर, नगर निगम की तरफसे शहर में 172 जर्जर भवनों को चिह्नित करके लाल निशान लगा दिया गया है। संबंधित भवन स्वामियों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। अपने जर्जर भवनों पर निगम की खामोशी किसी दिन बड़े हादसे की वजह बन सकती है। एक सप्ताह पहले हुई रिकॉर्ड बारिश के बाद सात सितंबर को शहर के अलग-अलग इलाकों में तीन जर्जर भवन जमींदोज हो गए थे। इन हादसों में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन तीन दोपहिया वाहनों समेत कीमती सामान मलबे में दब गया था। इसके बाद नगर निगम ने शहर के 172 जर्जर भवनों को चिह्नित किया है। इनको गिराने के लिए नोटिस भेजे जा रहे हैं। दूसरी ओर, नगर निगम का लाजपत बाजार करीब 100 वर्ष पुराना है। पीडब्ल्यूडी की तरफसे कंडम घोषित किए जाने के बावजूद इसको आज तक गिराया नहीं गया। वहां पर सिर्फबोर्ड लगा दिया गया है। व्यापारी वहां जबरन कब्जा करके बैठे हैं। यह स्थान साहू गोपीनाथ कन्या इंटर कॉलेज के सामने हैं, जहां रविवार को एनडीए परीक्षा का सेंटर था। सैकड़ों अभ्यर्थी परीक्षा देने आए थे। उनके साथ आए अभिभावक परीक्षा शुरू होने के बाद इन्हीं दुकानों के बरामदे में बैठे देखे गए। साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय, चंद्रवती प्राथमिक स्कूल, राम गोपाल पाठशाला जूनियर हाईस्कूल, सावित्री देवी शिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राएं रोजाना इस बाजार के पास से ही गुजरते हैं। इस बाजार में लोग खरीदारी करने भी आते हैं। इसमें नर्सिंग होम, जूस कार्नर जूते व लोहे की दुकानें हैं। दुकान के साथ बरामदे व सड़क तक कब्जा है। इन इलाकों में जहां निजी दुकानों का किराया सात से आठ हजार रुपये है, वहीं व्यापारी निगम को मामूली किराया देते हैं। यही स्थिति कुतुबखाना के पास स्थित शास्त्रीनगर बाजार की है। यहां 150 दुकानें हैं, जिनको नगर निगम ने जर्जर घोषित कर दिया है। यहां भी व्यापारी दुकानें नहीं छोड़ रहे हैं। इसके अलावा नगर निगम के भवन में पन्नी लाल कोठी में आयुर्वेदिक अस्पताल चल रहा है। यह जर्जर हाल में है, कभी भी गिर सकता है। हिंद टाकीज के पीछे भी नगर निगम की दुकानें जर्जर हो गई हैं।

## बरेली से दिल्ली और नवी मुंबई का हवाई सफर हुआ सस्ता

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली।** रक्षाबंधन के बाद बरेली हवाई अड्डे पर फुटफाल घटा है। दो सप्ताह पहले जहां रोज औसतन 420-425 यात्रियों का आवागमन होता था, अब यह 340-350 पर सिमट गया है। नतीजा, हवाई किराये में भी गिरावट आई है। 14 से 21 सितंबर के बीच बरेली-जेवर, बरेली-दिल्ली के किराये में छह और नवी मुंबई के किराये में सात हजार रुपये तक की कमी दर्ज की गई है। हालांकि, बंगलूरू के किराये में इस दौरान ज्यादा उतार-चढ़ाव नहीं आया है।




रक्षाबंधन के आसपास बरेली-दिल्ली और बरेली-नोएडा के बीच हवाई किराया बढ़कर 13 हजार रुपये तक पहुंच गया था। नवी मुंबई के किराये को भी पंख लग गए थे। बरेली-बंगलूरू के बीच किराये में भी छह हजार रुपये तक का इजाफा दर्ज किया गया था। एयरलाइंस के प्रतिनिधि ने बताया कि आमतौर पर सितंबर-अक्तूबर में लोग कम यात्रा करते हैं। ऐसे में इन दिनों बरेली-दिल्ली और बरेली-नोएडा के बीच किराया घटकर 3,500 से 4,800 रुपये के बीच तो बरेली-नवी मुंबई का किराया 6,700 से 7,000 के बीच आ गया है। हालांकि, नवी मुंबई रूट पर कनेक्टिंग फ्लाइट का किराया 9,400 के आसपास है। बरेली-बंगलूरू रूट पर किराये में कमी तो आई है, लेकिन टिकटों की मांग अब भी बनी हुई है। 14 से 17 सितंबर के बीच इस रूट पर नॉन स्टॉप फ्लाइट का किराया 13,321 रुपये और कनेक्टिंग फ्लाइट का किराया 15,321 रुपये है। बरेली-मुंबई के बीच नॉन स्टॉप फ्लाइट में 2:15 घंटे और कनेक्टिंग फ्लाइट में 7:20 घंटे लगते हैं। बरेली-बंगलूरू के बीच यह समय क्रमशः 2:50 घंटे और 5:25 घंटे है। हवाई अड्डा निदेशक अवधेश अग्रवाल ने बताया कि टिकटों की मांग घटने के कारण किराये में गिरावट आई है।

## जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य के लिए प्रसव पूर्व जांच जरूरी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** जच्चा और बच्चा दोनों के स्वास्थ्य के लिए गर्भवती की प्रसव पूर्व जांच होना अनिवार्य है, इसके साथ ही इस दौरान चिकित्सक द्वारा दी जा रही दवाओं को समय पर लेना और सही पोषण आहार लेना गर्भवती के लिए आवश्यक है। इससे जच्चा व बच्चा दोनों प्रसव के दौरान होने वाले जोखिम से बाहर आ जाते हैं और स्वस्थ परिवार की नींव पड़ती है।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि गर्भावस्था के दौरान रक्त की कमी (एनीमिया) एक गंभीर समस्या है, जो जच्चा-बच्चा दोनों के लिए खतरनाक हो सकती है। इसे नियंत्रित करने के लिए गर्भवती को पूरे 9 महीने में कम से कम चार बार रक्त जांच (हीमोग्लोबिन टेस्ट) कराना आवश्यक है। पीएमएसएमए दिवस पर एमबीबीएस चिकित्सक व स्त्रीरोग विशेषज्ञ द्वारा गर्भवती की जांच सुनिश्चित की जाती है। इस दिन बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, पेशाब जांच और अल्ट्रासाउंड जैसी सभी जरूरी जांचें की जाती हैं ताकि हाई-रिस्क गर्भावस्था को समय पर पहचाना जा सके। यह जानकारी देते हुए डिप्टी सीएमओ (आरसीएच) डॉ. सुरेंद्र मोहन प्रजापति ने आमजन से अपील की है कि अपने परिवार व आसपास की गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच करने के लिए अवश्य प्रेरित करें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रसव पूर्व जांच के लिए प्रत्येक माह की 1, 9, 16 एवं 24 तारीख को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला महिला चिकित्सालय (लेडी लॉयल) और एसएन मेडिकल कॉलेज में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) दिवस आयोजित किया जाता है। यह भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निशुल्क प्रसवपूर्व देखभाल उपलब्ध कराना और गर्भवती को व्यापक और गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व देखभाल उपलब्ध कराकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करना है।

डॉ. सुरेंद्र मोहन प्रजापति ने बताया कि पीएमएसएमए दिवस के दौरान गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, आयरन एवं कैल्शियम की गोलियों का वितरण, आयरन सुक्रोज, अल्ट्रासाउंड, यूरिन, हीमोग्लोबिन, शुगर, सिफलिस, वजन, पेट की जांच, हेपेटाइटिस बी, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप, सीबीसी और एचआईवी, टीबी की जांच की जाती हैं। जिला महिला चिकित्सालय (लेडी लॉयल) की स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. आशु ने बताया कि गर्भावस्था में संतुलित खान-पान और आयरन-फोलिक एसिड की नियमितता की अनदेखी मां और शिशु दोनों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। गर्भावस्था के दौरान शरीर को सामान्य दिनों की तुलना में अधिक पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। ऐसे में खान-पान में लापरवाही और चिकित्सकीय सलाह के अनुसार आयरन-फोलिक एसिड की दवा का पूरा कोर्स न करने से एनीमिया का जोखिम बढ़ सकता है। हालांकि, समय पर जांच, संतुलित आहार और नियमित उपचार के माध्यम से गर्भावस्था में एनीमिया की रोकथाम संभव है। गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था की शुरुआत से ही अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए और नियमित प्रसवपूर्व जांच करानी चाहिए। समय पर जांच से खतरे की पहचान स्त्रीरोग विशेषज्ञ ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान हीमोग्लोबिन सहित आवश्यक स्वास्थ्य जांच कराना अत्यंत महत्वपूर्ण है। थकान, कमजोरी, चक्कर आना या सांस फूलना जैसे लक्षणों को सामान्य कमजोरी मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। जांच में एनीमिया की पुष्टि होने पर चिकित्सकीय सलाह के अनुसार उपचार लेना आवश्यक है।

डॉ. आशु ने बताया कि चिकित्सक द्वारा निर्धारित आयरन-फोलिक एसिड की दवा को अपनी मर्जी से बंद न करें। कई बार दवा लेने के बाद होने वाली सामान्य असुविधाओं के कारण महिलाएं इसका सेवन बीच में ही छोड़ देती हैं। ऐसी स्थिति में दवा बंद करने के बजाय चिकित्सक से परामर्श लेकर समस्या का उचित समाधान करना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी गर्भावस्था के दौरान आयरन और फोलिक एसिड की नियमित पूरकता को मातृ एनीमिया की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण मानता है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर जीवनीमंडी की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मेघना शर्मा ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में विविधता और पोषण का विशेष ध्यान देना चाहिए। हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें, चना, राजमा, साबुत अनाज, मौसमी फल, मेवे और बीज जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थ नियमित आहार का हिस्सा बनाए जा सकते हैं। पर्याप्त ऊर्जा, प्रोटीन और विभिन्न पोषक तत्वों से युक्त संतुलित आहार गर्भवती महिला और गर्भस्थ शिशु, दोनों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता संगीता भारती ने बताया कि गर्भवती महिला के पोषण और आराम की जिम्मेदारी केवल उसकी नहीं, बल्कि पूरे परिवार की है। परिवार को चाहिए कि गर्भवती के भोजन में पर्याप्त पोषण सुनिश्चित करे, नियमित रूप से लेने के लिए प्रोत्साहित करे।

## दंगा भड़काकर समाज को तोड़ना चाहती है भाजपा: अजय राय

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हमारी सभ्यता व संस्कृति को आरएसएस व भाजपा मिलकर तोड़ना चाहती हैं। भाजपा दंगा भड़काकर समाज को तोड़कर पुन: 2027 में प्रदेश में सरकार बनाने की कोशिश करेगी। हमें सावधान रहना होगा। अजय राय रविवार को सीबीगंज के मथुरापुर स्थित बरातघर में आयोजित संविधान बचाओ एवं ओबीसी हक हुंकार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शराबखाने खुलवाकर समाज को बर्बाद किया जा रहा है। मिड-डे मील में बच्चों को चावल, नमक और पानी पिलाया जा रहा है। प्रदेश में 27 हजार



विद्यालय बंद हो चुके हैं। प्रदेश से योगी व देश को लूटने वाले गुजरातियों को यहां से भगाना होगा। पूर्व विधान परिषद सदस्य हीरा ठाकुर ने ईवीएम का मुद्दा उठाया। सीतापुर से सांसद राकेश राठौर ने भाजपा को पूंजीपतियों की पार्टी बताया। कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी, निवर्तमान महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा, हरीश भारती, राजाराम साहू, लईक अहमद, रंजीत सिंह आदि ने भी विचार साझा किए। कार्यक्रम का आयोजन राजाराम साहू ने किया। कार्यक्रम से पहले अतिथियों को सम्मानित किया गया।

## सांसद के प्रस्ताव पर बाह-बटेश्वर में बनेगा रेलवे स्टेशन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार चाहर के प्रस्ताव पर बाह- बटेश्वर में लगभग 35 करोड़ रुपये की लागत से नए रेलवे स्टेशन के निर्माण को स्वीकृति मिली है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव अक्टूबर माह के दूसरे सप्ताह में प्रस्तावित रेलवे स्टेशन का शिलान्यास करेंगे।



भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पैतृक भूमि बटेश्वर को रेलवे मानचित्र पर विशेष पहचान दिलाने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। सांसद राजकुमार चाहर द्वारा लंबे समय से क्षेत्र की जनता की मांग को केंद्र सरकार एवं रेलवे मंत्रालय के समक्ष प्रमुखता से उठाया जा रहा था, जिसके परिणामस्वरूप यह महत्वपूर्ण परियोजना साकार होने जा रही है।

शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों एवं रूपरेखा को लेकर सांसद राजकुमार चाहर ने आगरा मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) गगन गोयल के साथ विस्तृत चर्चा के बैठक में कार्यक्रम के सफल आयोजन तथा निर्माण कार्य से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया।रेलवे स्टेशन के निर्माण से बाह-बटेश्वर क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर रेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही धार्मिक एवं पर्यटन दृष्टि से महत्वपूर्ण बटेश्वर क्षेत्र में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी, जिससे स्थानीय व्यापार और रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

## कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने लगाई जन चौपाल

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के समग्र और चहुंमुखी विकास के संकल्प को गति देते हुए मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत एक बड़ी सौगात दी गई है। क्षेत्र के गढ़ी भदौरिया स्थित बीधा नगर में सड़कों के भव्य निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर स्थानीय जनता ने ढोल-नगाड़ों और अपार स्नेह के साथ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय का जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया। यह महत्वपूर्ण विकास कार्य क्षेत्र की आधारभूत संरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) को सुदृढ़ करने के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगा।



भूमिपूजन के उपरांत कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने क्षेत्र का सघन भ्रमण किया और स्थानीय निवासियों के बीच बैठकर श्जन चौपाल लगाई। जन चौपाल में उन्होंने सीधे जनता से संवाद कर उनकी बुनियादी समस्याओं को सुना और मौके पर ही मौजूद अधिकारियों को उनके त्वरित व स्थाई समाधान के कड़े निर्देश दिए। इस अवसर पर जनता को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा आगरा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास और हर नागरिक के जीवन को सुगम बनाना हमारा परम संकल्प है। मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत बीधा नगर में शुरू हुआ यह सड़क निर्माण कार्य स्थानीय बुनियादी ढांचे को एक नई मजबूती देगा। हमारा लक्ष्य सिर्फ सड़कें बनाना नहीं बल्कि विकास की मुख्यधारा को क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। जनता ने हमें जो स्नेह और विश्वास दिया है, उसकी सेवा के लिए हम दिन-रात प्रतिबद्ध हैं। जन चौपाल के माध्यम से हर समस्या का समाधान सीधे जनता के बीच पहुँचकर किया जा रहा है और विकास का यह पहिया रुकने वाला नहीं है। सड़क निर्माण की शुरुआत और जन चौपाल में त्वरित कार्रवाई से गढ़ी भदौरिया और बीधा नगर के क्षेत्रीय नागरिकों में भारी उत्साह है। स्थानीय जनता ने इस बड़ी सौगात के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय का सहृदय आभार व्यक्त किया है। कार्यक्रम में धीरज कोहली, शिवकुमार शर्मा , तरूण पिप्पल, सूरज शर्मा, रवि भूषण, क्षेत्र के प्रमुख गणमान्य नागरिक, समाज सेवी और भारी संख्या में क्षेत्रीय माताएं-बहनें व युवा उपस्थित रहे।

# हिंदी दिवस पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बिल्सी।** नगर के बाबा इन्टरनेशनल स्कूल में हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी भाषा के प्रति सम्मान, प्रेम एवं गौरव की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हिंदी प्रार्थना के साथ हुआ। प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा की महत्ता, उसकी समृद्ध विरासत तथा भारतीय संस्कृति में उसके महत्वपूर्ण योगदान को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए हिंदी दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपराओं, भावनाओं और विचारों को




अभिव्यक्त करने वाली समृद्ध भाषा है। हिंदी ने देश के विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों को आपस में जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विद्यार्थियों को हिंदी भाषा का सम्मान करने तथा अपने दैनिक जीवन में शुद्ध एवं प्रभावशाली हिंदी के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा हिंदी भाषा के महत्व पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने हिंदी के प्रति बढ़ते आकर्षण, अपनी मातृभाषा के सम्मान तथा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का संदेश दिया। विद्यार्थियों के सजीव अभिनय और प्रभावशाली संवादों ने सभी का मन मोह लिया तथा उपस्थित दर्शकों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया।

इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा, देशप्रेम, संस्कार, प्रकृति एवं राष्ट्र की विविधता जैसे विषयों पर स्वरचित नव रसों से युक्त एवं प्रसिद्ध कविताओं की सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं। काव्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में साहित्यिक एवं भावनात्मक रंग भर दिया। हिंदी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों की रचनात्मकता एवं लेखन-कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सुंदर, स्पष्ट एवं आकर्षक हिंदी लेखन का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी लेखन-कला एवं सृजनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से अरनिवा यादव, कक्षा 2 से आदर्श, कक्षा 3 से कृतिका यादव, कक्षा 4 से वेद यादव, कक्षा 5 से नन्दनी, कक्षा 6 से लक्ष्मी, कक्षा 7 से उन्नति शंखधार, कक्षा 8 से नित्या शर्मा तथा कक्षा 10 से भक्ति वार्ष्णेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय एवं विद्यालय निदेशिका साधना वार्ष्णेय ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि विकसित करने के साथ-साथ उन्हें यह समझाना था कि किसी भी भाषा का सम्मान करना अपनी संस्कृति और विरासत का सम्मान करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के अधिकाधिक प्रयोग, शुद्ध उच्चारण एवं सुंदर लेखन के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रधानाचार्या रूपा माहेश्वरी ने हिंदी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चो में हिंदी भाषा के प्रति रुचि उत्पन्न करना है।

# गणेश शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब, जयकारों से गूंजा वजीरगंज

## सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**वजीरगंज।** नगर पंचायत वजीरगंज में गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश शोभायात्रा धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ सदर विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री महेश चंद्र गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर किया। शोभायात्रा के रवाना होते ही पूरा नगर भगवान श्री गणेश के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आए।



शोभायात्रा में वजीरगंज नगर के अलावा ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कई स्थानों पर समाजसेवियों एवं स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की।

शोभायात्रा में प्रसिद्ध काली अखाड़ा, बैंड-बाजे, भगवान श्री गणेश की भव्य झांकी, महाकाल की झांकी, राधा रानी कीर्तन मंडली, वजीरगंज का प्रसिद्ध संगीत कला केंद्र, मां काली की झांकी और बाहुबली हनुमान समेत विभिन्न आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। झांकियों ने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों पर झूमते नजर आए।

गणेश सेवा समिति के अध्यक्ष गोपाल वार्ष्णेय ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी गणेश शोभायात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। उन्होंने बताया कि वजीरगंज के प्रसिद्ध भोलानाथ मंदिर परिसर में भगवान श्री गणेश जी के मंदिर का निर्माण भी कराया जा रहा है। समिति को क्षेत्र के लोगों का लगातार सहयोग मिल रहा है, जिसके चलते मंदिर निर्माण का कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल भी तैनात रहा। आयोजन में गोपाल वार्ष्णेय, अमरीश वार्ष्णेय, संजीव कुमार वार्ष्णेय, पुष्कर वार्ष्णेय, राहुल कुमार वार्ष्णेय, मुकेश कुमार वार्ष्णेय (डेयरी वाले), रवि गुप्ता, अनिल कुमार वार्ष्णेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### ब्रह्मदेव मेले का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास से किया

**बिसौली।** विधानसभा क्षेत्र के गांव महोरी में ब्रह्मदेव मेले का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी नेता एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ष्भारत सरकारष् के पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति की जीवंत परंपरा को न केवल संजोए रखते हैं बल्कि नई पीढ़ी को अपने इतिहास और संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। श्री प्रेमी ने कहा कि ऐसे धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन समाज को एकजुट करने और सामाजिक समरसता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में एवरन सिंह प्रधान, हरविंदर यादव, विकाश यादव, रविंद्र यादव, एड. रामजीमल, राजवीर सिंह यादव, विपिन यादव, कपिलदेव, मोहम्मद शाकिर आदि प्रमुखता से मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया गया हिन्दी दिवस

**बिसौली।** श्री देवरहा बाबा पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा के महत्व, गौरव, उपयोगिता और भारतीय संस्कृति से उसके जुड़ाव पर लेख प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सोमवार को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा 9 एवं 10 के छात्र-छात्राओं के मध्य दोहा एवं चौपाई सदन प्रतियोगिता में ध्रुव, गंगा, प्रह्लाद एवं यमुना हाउस के दो-दो विद्यार्थियों रौनक, अंकित, अंशिका, प्रियम, पायल, शगुन, मान्या एवं महिमा ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने संत कबीर एवं रहीम के सुंदर दोहों तथा रामायण की मनमोहक चौपाइयों का सस्वर वाचन एवं गायन प्रस्तुत किया। विशेष रूप से सुंदरकांड की चौपाइयों ने विद्यालय के वातावरण को भक्तिमय एवं भावपूर्ण बना दिया। इस सुंदर कार्यक्रम का आयोजन हिंदी प्राध्यापक भास्कर मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। प्रार्थना सभा में भी विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के महत्व, उसकी समृद्धता एवं हमारे जीवन में उसकी भूमिका से परिचित कराया गया। इस अवसर पर एम. पी. सिंह, श्वेता शर्मा, सईदा, शिल्पी गर्ग, स्वाति अग्रवाल, गायत्री मिश्रा, गुंजन, रोमा, कविता, पिंकी वार्ष्णेय, पूनम,सागर गुप्ता, सविता, प्रशान्त, निशांत, चेतना, पूजा, सपन गुप्ता आदि मौजूद रहे। निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंग्रेजी का विशेष महत्व है, किंतु हमें अपनी मातृभाषा हिंदी की गरिमा, समृद्धता और विशाल शब्द-संपदा को कभी नहीं भूलना चाहिए। हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संवेदना और भावनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति है। प्राचार्या मीनू एल बतरा ने हिंदी की विशेषता को एक अत्यंत सुंदर उदाहरण के माध्यम से समझायाकृएक ही अर्थ के शब्द भाव और संदर्भ के अनुसार अपना रूप बदल लेते हैं। हिन्दी हमारी पहचान है, हिन्दी हमारी शान है।

### पीएनबी बैंक ने हिन्दी दिवस पर ग्राहकों का किया सम्मान

**बिसौली।** नगर की पंजाब नेशनल बैंक द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर अपने ग्राहकों के सम्मान में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक विवेक कुमार वर्मा ने कहा कि जरूरत है कि हम सभी हिंदी भाषा का उपयोग कर अपने को गौरवान्वित महसूस करें। उन्होंने सभी सम्मानित ग्राहकों व कर्मचारी से कहा कि वह अपने कार्यों में हिंदी को दिल से अपनाएं तभी हम इसके शिखर तक पहुंच सकते हैं। इससे पूर्व शाखा प्रबंधक ने बैंक के सम्मानित ग्राहकों का माला पहनकर सम्मान किया।

### समाजसेवी वीरेंद्र सिंह यादव का निधन



**बिसौली।** आदिशक्ति पीठ माता काली शिव मंदिर धाम बंजरिया के संस्थापक संरक्षक हनुमत भक्त समाजसेवी वीरेंद्र सिंह यादव बाबूजी का आज 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जिसकी जानकारी मिलते ही हजारों की संख्या में लोग उनके अंतिम दर्शन को आवास पर पहुंच गए। उनका अंतिम संस्कार भागीरथ घाट कछला पर किया गया। जहां मुखाग्नि उनके पुत्र संजीव यादव, डा प्रमोद यादव, अवधेश यादव, शंकर यादव, भूपेंद्र यादव, भुवनेश यादव, संजीव यादव, भाई हरपाल यादव सहित भरा पूरा परिवार मौजूद था। शवयात्रा में नगर पालिका चेयरमैन अबरार अहमद, पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय, पूर्व ब्लॉक प्रमुख खजाना देवी, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र प्रताप यादव, मुकेश शर्मा एड, जेई मनोज यादव, सुधीर चौहान, अमित पंडित, वीर सिंह यादव प्रधान, इशू यादव, एड. मुकेश शर्मा, अनुपम गुप्ता, अमित अग्रवाल, गुड्डू पाराशरी, मुनीश सक्सेना, गौरीशंकर कथूरिया समेत हजारों लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

# वजीरगंज में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**वजीरगंज।** बदायूं-चंदौसी मार्ग पर वजीरगंज कस्बे में एसबीआई बैंक के सामने रविवार की रात्रि एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो, गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।



जानकारी के अनुसार, तजपुरा गांव (थाना मूसाझाग) निवासी रामपाल (60 वर्ष) पुत्र दुर्जन सिंह अपने साथी मुकेश पुत्र चंद्रपाल निवासी ग्राम बनकोटा के साथ अपनी बहन के घर बनकोटा आए थे। रात में दोनों बाइक से बनकोटा से अपने गांव तजपुरा लौट रहे थे। वजीरगंज कस्बे के पास एसबीआई बैंक के सामने पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि रामपाल की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया और मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल मुकेश का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। मृतक रामपाल की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में मातम छा गया।

# बगरैन में निकली भव्य गणेश शोभायात्रा, कस्बा के लोगों ने की फूल वर्षा

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बगरैन।** कस्बा मे गणेश चतुर्थी के अवसर पर सोमवार को कस्वे में विश्व हिन्दू महासंघ के नेतृत्व मे भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में कस्वे के लोगो ने उत्साह के साथ भाग लिया। भगवान गणेश के जयकारों और भजन-कीर्तन से पूरा कस्बा भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा मुख्य आयोजक प्रिंस देव शर्मा के आवास से विधिबत शुभारम्भ हुआ जो रामलीला मैदान विसौली रोड से मैन चौराहा आवला रोड गौरी शकर इंटर कालेज होली चौक करेगी रोड होते हुए रामलीला मैदान मे समाप्त हुयी भगवान गणेश की प्रतिमा को सुंदर और भव्य रथ में विराजमान कर शोभायात्रा में शामिल किया गया। श्रद्धालु रथ के साथ चलते रहे। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने गणेश प्रतिमा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न धार्मिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इसमें भगवान शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण और



राम दरबार हनुमान की सुंदर झांकियां शामिल थीं। झांकियों ने लोगों का ध्यान खींचा। श्रद्धालुओं ने धार्मिक जयकारों के साथ झांकियों का स्वागत किया शोभायात्रा मे गब्बर डीजे पर हजारो गणेश भक्त जमकर थिरके जो मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा धार्मिक एवम सांस्कृतिक उल्लास शोभायात्रा मे सुरक्षा और शन्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बगरैन पुलिस चौकी प्रभारी संदीप गुप्ता ने पुलिस स्टाफके साथ शोभा यात्रा शन्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करायी शोभा यात्रा के दौरान मुख्य आयोजक प्रिंस देव शर्मा मुकेश पाराशरी विनोद भारद्वाज ललित भारद्वाज राहूल शर्मा देवेन्द्र देव शर्मा पूर्व प्रधान प्रशांत गुप्ता प्रभात सक्सैना रितिक देव भारद्वाज एवम विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारी मैजूद रहे।

इधर उझानी में श्री गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर मेरे राम आश्रम में भगवान श्री गणेश की विधिविधान से स्थापना कर पूजा-अर्चना और आरती की गई। श्रद्धालुओं ने विघ्नहर्ता गणपति से सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना की। मोदक, मेवा-मिष्ठान का भोग लगाया।महिलाओं ने मंगलगीत गाए। सामाजिक संत श्रीराम कथा वाचक रवि जी समदर्शी महाराज ने कहा कि भगवान श्री गणेश बुद्धि, विवेक, शुभता और मंगल के प्रतीक हैं। गणेश चतुर्थी का पर्व हमें अपने जीवन से अहंकार और नकारात्मकता दूर कर सद्बुद्धि, संयम और सदाचार को अपनाने की प्रेरणा देता है।

# न्यू होप्स पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में हर्षोल्लाय से मनाया गया हिंदी दिवस

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**ककराला।** न्यू होप्स पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल ककराला में आज हिंदी दिवस के अवसर पर विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति सम्मान, अभिव्यक्ति क्षमता तथा भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा।कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए हिंदी भाषण, वाद-विवाद प्रतियोगिता, हिंदी लेखन, श्रुतलेख (डिक्टेशन) तथा हिंदी बोर्ड सज्जा जैसी गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिताओं में



विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा के महत्व, राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका तथा मातृभाषा के संरक्षण जैसे विषयों पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए।

विद्यालय परिसर को आकर्षक हिंदी संदेशों एवं प्रेरणादायी उद्धरणों से सजाया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण हिंदीमय हो उठा। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को हिंदी के समृद्ध साहित्य, उसकी वैज्ञानिकता तथा दैनिक जीवन में उसके बढ़ते महत्व से अवगत कराया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ भाषा के प्रति आत्मगौरव की भावना को सशक्त बनाती हैं। अंत में सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए हिंदी को व्यवहार, विचार और संस्कार की भाषा के रूप में अपनाने का संदेश दिया गया।

## श्री कालसेन बाबा इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई गणेश चतुर्थी

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**उघैती।** क्षेत्र के गांव रियोनई में स्थित श्री कालसेन बाबा इंटर कॉलेज में श्री गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राइमरी और जूनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने भगवान श्री गणेश के जीवन और उनके स्वरूप पर आधारित मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने विद्यालय परिसर में मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के चेयरमैन महेश चंद्र सक्सेना ने भगवान श्री गणेश एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गणेश चतुर्थी के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को प्रदर्शित किया। आकर्षक वेशभूषा में सजे छात्र-छात्राओं ने भगवान श्री गणेश की सुंदर झांकियां प्रस्तुत कीं। प्रस्तुतियों के दौरान विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।

इस अवसर पर कॉलेज के एमडी आशीष सक्सेना ने छात्र-छात्राओं को भगवान श्री गणेश के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश को बुद्धि, विवेक और शुभता का प्रतीक माना जाता है। विद्यार्थियों को उनके जीवन से सीख लेकर अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बच्चों को भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं के महत्व से भी अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। विभिन्न प्रस्तुतियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का चयन कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर कॉलेज के डायरेक्टर शेखर सक्सेना ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंशिका एवं कमलेश का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को कार्यक्रम की तैयारियों में मार्गदर्शन दिया।

# महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की कार्यशाला का आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** छवि वैश्य जिला मिशन समन्वयक हव फॉर इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन' द्वारा एक युद्ध नशे के विरुद्ध मादक पदार्थो के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुये मादक पदार्थो से बच्चों को दूर रखने की अपील की गयी तथा महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन के अन्तर्गत साइवर सुरक्षा की जानकारी देते हुये साइवर हेल्पलाइन 1930 की विस्तृत जानकरी प्रदान की गयी एवं महिला कल्याण विभाग उ०प्र० सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनाए पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेशन योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पति की मृत्युपरान्त पुर्नविवाह दम्पति पुरस्कार दहेज प्रथा से पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता दहेज



के कारण परित्यक्त महिलाओं को आर्थिक सहायता पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला की पुत्री की शादी हेतु अनुदान की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। बाल विवाह अधिनियम में विहित प्राविधानों के अनुसार कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये जा रहे है तथा सामाजिक कुरूती के रूप में बाल विवाह एक बहुत ही बडी समस्या वन कर समाज के सम्मुख उत्पन्न हो रही है जिसको ध्यान में रखते हुये बाल विवाह किये जाने पर विधिक कार्यवाही की जानकारी एवं बाल विवाह से होने वाली परेशानीयो तथा मादक पदार्थ की सेवन से होने वाली कठिनाईयों पर विस्तृत जानकारी कैम्प में आयी हुयी महिलाओं बालिकाओं को प्रदान की गयी।

प्रीती चौहान जे०एस० हव फॉर इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन' द्वारा वन स्टाप सेन्टर द्वारा महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन के अन्तर्गत साइवर सुरक्षा वन स्टाप सेन्टर की सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ महिला एवं बालिका तथा बच्चों हेतु कार्य कर रही हेल्पलाइन नं० 112 1090 181 102 108 1098 की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

'भमरपाल सिंह सामाजिक कार्यकर्ता जिला बाल संरक्षण इकाई' द्वारा कैम्प में आयी हुयी महिलाओं बालिकाओं को पॉश एक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। वार्ड बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुये अवगत कराया गया कि विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं कन्या सुमगला योजना बाल सेवा योजना स्पॉन्शरशिप तथा निराश्रित महिला पेंशन योजना की जानकारी प्रदान करने की साथण्साथ अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को दियाला जाने की अपील की गयी। कैम्प में आये हुये महिलाओं बच्चों ने बड़ी ही उत्सुकता पूर्वक उपरोक्त योजनाओं एवं अधिनियमों की जानकारी ली। यह भी बताया गया कि उपरोक्त सभी योजनाओं की जानकारी लाभ कलेक्ट्रेट स्थित जिला प्रोबेशन कार्यालय के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

'रवि कुमार संरक्षण अधिकारी' द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश शासन महिला कल्याण अनुभाग-1 लखनऊ द्वारा किशोर न्याय बालको की देखरेख व संरक्षणद्ध अधिनियम 2015 के प्राविधानों के अनुसार देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले तथा विधि विरूद्व कार्यो में लिप्त बच्चों के संरक्षण कल्याण एवं पुर्नस्थान को सुनिश्चित करने हेतु समेकित बाल संरक्षण योजना संचालित की जा रही है। भारत सरकार द्वारा उक्त योजना को मिशन वात्सल्य योजना के नाम से संचालित किया गया है जिसके संचालन हेतु महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के नवीन गाइडलाइन के अनुसार मिशन वात्सल्य योजना सुचारु एवं सुगम क्रियान्वयन ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति द्वारा किया जा रहा है तथा मन्दिर मस्जिद रेलवे स्टेशन बस स्टेशन ढावा दुकानो एवं कारखानों में बाल श्रम भिक्षावृति कर रहे 14 वर्ष से कम बालको बालिकाओं के रैस्क्यू एवं उनके पुनर्वासन आदि हेतु समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम बाल संरक्षण समिति के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत बाल श्रम करा रहे लोगो के विरूद्ध बच्चो आदि के बीच में चर्चा कर यह बताया गया। अगर किसी बच्चों को कोई भी समस्या है तो वह 1098 पर कॉल कर के अपनी समस्या का समाधान करा सकता है।

## संपादकीय

# ब्रिक्स में भारत की जय-जयकार

नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ने बदलती वैश्विक राजनीति में भारत की बढ़ती भूमिका का प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट और कठोर रुख रखा, वैश्विक दक्षिण को निर्णय प्रक्रिया में अधिक प्रभावी भूमिका देने की बात कही और अलग-अलग मत रखने वाले देशों को एक साझा घोषणापत्र पर सहमत कराया, उससे भारत की कूटनीतिक क्षमता सामने आई है। सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि यह रही कि ब्रिक्स देशों ने आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति पर सहमति जताई। पहलगाम आतंकी हमले की निंदा ने भारत के उस लंबे प्रयास को मजबूती दी है जिसमें वह आतंकवाद को किसी भी राजनीतिक या रणनीतिक बहाने से अलग रखकर उसके खिलाफवैश्विक एकजुटता की मांग करता रहा है।

ब्रिक्स का दिल्ली घोषणापत्र इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस संगठन में ऐसे देश शामिल हैं जिनके बीच अनेक अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर गंभीर मतभेद हैं। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। पश्चिम एशिया में ईरान, इजरायल और अरब देशों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और ईरान जैसे देशों के अपने-अपने क्षेत्रीय हित हैं। ऐसे वातावरण में सभी सदस्य देशों को एक साझा दस्तावेज पर सहमत कराना आसान काम नहीं था। भारत ने किसी एक देश को कठघरे में खड़ा करने के बजाय आतंकवाद, युद्ध, आर्थिक दबाव और वैश्विक संस्थाओं में सुधार जैसे व्यापक मुद्दों पर सहमति बनाने का रास्ता चुना। यही भारतीय कूटनीति की सबसे बड़ी विशेषता रही।

घोषणापत्र में पहलगाम आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा और सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकवाद के किसी भी रूप के खिलाफ शून्य सहनशीलता का संदेश भारत के लिए विशेष महत्व रखता है। आतंकवाद के वित्तपोषण और उसे संरक्षण देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जरूरत पर जोर देकर ब्रिक्स ने यह संकेत दिया है कि आतंकवाद केवल किसी एक देश की सुरक्षा समस्या नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए चुनौती है। यह भारत के लिए इसलिए भी बड़ी उपलब्धि है क्योंकि आतंकवाद के मुद्दे पर वैश्विक मंचों पर लंबे समय से वह अधिक स्पष्ट और प्रभावी अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई की मांग करता रहा है। ब्रिक्स घोषणापत्र का एक और महत्वपूर्ण पक्ष संयुक्त राष्ट्र और उसकी प्रमुख संस्थाओं में सुधार की आवश्यकता पर सहमति है। सुरक्षा परिषद में भारत और ब्राजील की बड़ी भूमिका का समर्थन वैश्विक शासन व्यवस्था में बदलाव की बढ़ती मांग को दर्शाता है। भारत लंबे समय से कहता रहा है कि वर्तमान वैश्विक संस्थाएं आज की दुनिया की वास्तविकताओं का पूरा प्रतिनिधित्व नहीं करतीं। जब विश्व की आर्थिक और जनसंख्या संबंधी तस्वीर बदल चुकी है, तब निर्णय लेने वाली संस्थाओं में भी इसका प्रतिबिंब दिखाई देना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए कहा कि वैश्विक दक्षिण को केवल नियमों का पालन करने वाला नहीं बल्कि नियम तय करने वाला बनना होगा।

प्रधानमंत्री का यह संदेश ब्रिक्स की मूल भावना से भी जुड़ा हुआ है। भारत ने स्पष्ट किया कि ब्रिक्स किसी देश के खिलाफबनाया गया मंच नहीं है। इसका उद्देश्य परस्पर सहयोग, विकास और वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए संवाद को बढ़ावा देना है। यह रुख ऐसे समय में महत्वपूर्ण है जब अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ व्यापार, शुल्क और रणनीतिक प्रतिस्पर्धा को लेकर दुनिया में तनाव बढ़ा हुआ है। घोषणापत्र में एकतरफा आर्थिक प्रतिबंधों, मनमाने शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं का विरोध तथा विश्व व्यापार संगठन में सुधार की आवश्यकता पर जोर देकर ब्रिक्स देशों ने नियम आधारित और अधिक संतुलित वैश्विक व्यापार व्यवस्था की मांग रखी है।

आर्थिक क्षेत्र में स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने और सीमा पार भुगतान व्यवस्था को तेज तथा सरल बनाने पर जोर भी भविष्य की दिशा का संकेत देता है। इसका उद्देश्य डॉलर आधारित व्यवस्था को तत्काल समाप्त करना नहीं बल्कि देशों के बीच व्यापार के लिए अधिक विकल्प तैयार करना है। यदि ब्रिक्स देश स्थानीय मुद्राओं में व्यापार और भुगतान की व्यवस्था को मजबूत करते हैं तो इससे आपसी आर्थिक निर्भरता बढ़ सकती है और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में नई व्यवस्थाओं को गति मिल सकती है।

**लेखक: कांतिलाल मांडोत**

# एक उत्सव, जो हमें पाने से ज्यादा छोड़ना सिखाता है?

हर वर्ष गणेशजी का आगमन केवल उत्सव नहीं, स्वयं से मिलने का अवसर भी होता है। गणेश चतुर्थी आस्था, आनंद और सामूहिकता का ऐसा पर्व है, जिसका अर्थ हर बार नई दृष्टि से खुलता है। गणेशजी का स्वरूप ही जीवन का गहरा दर्शन समेटे हैकृहाथी का मस्तक, मानव देह, एकदंत, विशाल उदर और साथ में मूषक। यह विलक्षण रूप बताता है कि जीवन की सुंदरता एकरूपता में नहीं, विविधताओं को सम्मानपूर्वक स्वीकारने में है। जब मनुष्य स्वयं को पूर्ण और सफल दिखाने की दौड़ में रहता है, तब गणेश चतुर्थी याद दिलाती है कि अधूरापन जीवन की स्वाभाविक सच्चाई है, कमी नहीं। अपनी कमियों को स्वीकारकर उन्हें आत्मविकास की शक्ति बनाना ही वास्तविक सामर्थ्य है। मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमा इसी भाव को साकार करती है।

गणेशजी का वाहन मूषक भी अपने भीतर जीवन का सूक्ष्म संदेश समेटे है। चंचलता और निरंतर सक्रियता का प्रतीक मूषक आज के मनुष्य की भागती इच्छाओं का भी प्रतिबिंब है। डिजिटल संसार ने जानकारी, संपर्क और अवसर बढ़ाए हैं, तो लाइक्स, प्रशंसा, प्रसिद्धि और त्वरित संतुष्टि की चाह भी बढ़ी है। यही चाह कई बार मनुष्य को स्वयं से दूर कर देती है। गणेशजी के चरणों में बैठा मूषक याद दिलाता है कि इच्छाएं स्वाभाविक हैं, पर उनका संयम आवश्यक है। छोटी इच्छाओं और आकर्षणों पर विवेक का नियंत्रण ही मन को स्थिर रखता है। जीवन की सच्ची उपलब्धि अधिक पाने में नहीं, बल्कि जो मिला है उसमें संतोष, संयम और संतुलन खोजने में है।

मिट्टी से गणेश प्रतिमा का बनना और फिर उसी मिट्टी में विलीन हो जाना जीवन की क्षणभंगुरता और प्रकृति से हमारे अटूट संबंध का मार्मिक संदेश है। मिट्टी प्रकृति से आती है, आकार पाती है, श्रद्धा का केंद्र बनती है और अंततः प्रकृति में लौट जाती है। यही चक्र सिखाता हैकृपरिवर्तन ही जीवन का शाश्वत सत्य है। फिर भी मनुष्य धन, वस्तुओं, प्रतिष्ठा और उपलब्धियों को स्थायी मानकर उनसे मोह बाँध लेता है। गणेश-विसर्जन केवल विदाई नहीं, आसक्ति छोड़ने की सहज आध्यात्मिक सीख भी है। साथ ही यह स्मरण कराता है कि प्रकृति से लिया हर संसाधन सम्मान, संवेदना और जिम्मेदारी की माँग करता है। प्रकृति का सम्मान ही हमारी जीवनशैली का संस्कार बने।

गणेशजी का एकदंत स्वरूप जीवन का गहरा सत्य कहता हैकृपूर्णता हमेशा हमारी अपेक्षाओं जैसी नहीं होती। परिस्थितियाँ बदलती हैं, योजनाएँ अधूरी रह जाती हैं और उपलब्धि के लिए कई बार त्याग करना पड़ता है। हम असफलता और नुकसान को सहज नहीं मानते, पर एकदंत सिखाता है कि कोई कमी हमारी पूरी पहचान नहीं बन सकती। अनुभवों से सीखकर आगे बढ़ना ही शक्ति है। कला, विज्ञान और नवाचार भी प्रयोग, असफलता और अधूरे प्रयासों से आगे बढ़ते हैं। इसलिए हर अधूरा प्रयास अंत नहीं, अगले प्रयास की नींव है। जीवन की कमी को कमजोरी नहीं, आगे बढ़ने की प्रेरणा बनाना ही एकदंत का संदेश है।

गणेशोत्सव का सामूहिक स्वरूप भारतीय सामाजिक जीवन की बड़ी ताकत सामने लाता है। पंडालों में अलग-अलग आयु, वर्ग और सामाजिक पृष्ठभूमि के लोग एक साथ आते हैं। सामूहिक आरती, दर्शन, प्रसाद और उत्सव दूरियाँ मिटाकर आत्मीयता बढ़ाते हैं। जब व्यस्त जीवन और डिजिटल माध्यमों ने प्रत्यक्ष संवाद सीमित कर दिया है, ऐसे अवसर सामाजिक जुड़ाव को नई ऊर्जा देते हैं। मोदक और प्रसाद बाँटना केवल परंपरा नहीं, खुशी साझा करने की सुंदर भावना है। गणेशोत्सव याद दिलाता है कि समाज केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों से नहीं, सहयोग, सम्मान और सहभागिता से समृद्ध होता है। साथ मनाया गया उत्सव यह एहसास जगाता है कि हम अकेले नहीं, एक बड़े सामाजिक परिवार का हिस्सा हैं। गणेशजी बुद्धि और विवेक के आराध्य हैं। उनका विशाल उदर जीवन के विविध अनुभवों को सहजता से स्वीकारने का प्रतीक है। ज्ञान केवल तर्क और जानकारी नहींय उसमें अनुभव, कल्पना, संवेदना और परिस्थितियों को समझने की क्षमता भी शामिल है।



**लेखक: प्रो. आरके जैन अरिजीत**

## हमारी हिंदी

हिंदी हमारी प्यारी है,
सब भाषाओं में न्यारी है,
हमारी जुबान की बिंदी है,
यह सुंदरता हमारी है।

अ से अनपढ़ से शुरू होती है,
ज्ञ से ज्ञानी पे खत्म होती है,
रस, छंद, अलंकारों से भरपूर,
ऐसी हमारी हिंदी होती है।

इतनी प्यारी मिठास घोले,
सब कोई सुने, सब कोई बोले,
संविधान सभा से जो हुंकार भरी,
आज बोलते हर गली और मोहल्ले।

हिंद की पहचान है हिंदी,
कलम का गुमान है हिंदी,
पूरे जगत में परचम है इसका,
भाषाओं की रानी है हिंदी।



**प्रणव राज, बिहार**

# भारत से हार का दर्द नहीं गया! पहले अपना गिरेबां झांके पाकिस्तान

**दुबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को श्रीलंका को हराकर महिला एशिया कप का खिताब रिकॉर्ड आठवीं बार अपने नाम किया, लेकिन मैदान पर भारत की इस बड़ी जीत के बाद पाकिस्तान में अलग ही तरह की बयानबाजी शुरू हो गई। एशिया कप की ट्रॉफी लेने से भारतीय टीम के इनकार के बाद पाकिस्तान के राज्य मंत्री तलाल चौधरी ने भारत पर ही खेल भावना खराब करने का आरोप लगा दिया। उनका बयान सामने आने के बाद सवाल उठ रहा है कि आखिर खेल को राजनीति से जोड़कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कौन कर रहा है?





हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम ने फाइनल में श्रीलंका को 72 रन से हराया। इसके साथ ही भारत ने महिला एशिया कप का अपना आठवां खिताब जीता। हालांकि, पुरस्कार समारोह के दौरान भारतीय टीम ने एशियाई क्रिकेट परिषद प्रमुख मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं। यह मामला पिछले साल के पुरुष एशिया कप के घटनाक्रम की याद दिलाता है। तब सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने भी नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार किया था। इस बार भी बीसीसीआई ने पहले ही अपना रुख साफ कर दिया था कि अगर नकवी ट्रॉफी सौंपेंगे तो भारतीय टीम समारोह में हिस्सा नहीं लेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने ट्रॉफी एसीसी के उपाध्यक्ष खालिद अल जरूनी से लेने की पेशकश की थी, लेकिन यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया गया। इसके बाद भारतीय टीम ने पुरस्कार समारोह से दूरी बनाए रखी।

पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट में दावा किया गया कि नकवी को फाइनल से पहले ही भारतीय टीम के रुख की जानकारी थी, लेकिन उन्होंने अपना फैसला नहीं बदला। रिपोर्ट के मुताबिक, वह ट्रॉफी खुद सौंपने के अपने रुख पर कायम रहे। इस वजह से मैच खत्म होने के बाद पुरस्कार समारोह में करीब 90 मिनट की देरी हुई। अंत में भारतीय टीम ने ट्रॉफी लेने के बजाय अपनी जीत का जश्न मनाया, जबकि श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने उपविजेता की पुरस्कार राशि और पदक हासिल किए। पाकिस्तानी मीडिया ने एसीसी के एक सूत्र के हवाले से कहा कि भारतीय टीम के लिए ट्रॉफी उपलब्ध है और पुरुष एशिया कप 2025 की ट्रॉफी भी लेने के लिए उपलब्ध है। सूत्र ने कहा कि एसीसी का रुख नहीं बदला है।

विवाद यहीं खत्म नहीं हुआ। पाकिस्तान के गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तलाल चौधरी ने भारतीय टीम के ट्रॉफी नहीं लेने के फैसले पर निशाना साधा। उन्होंने भारत पर श्खेल संस्कृति को बर्बाद करने का आरोप लगाया। जियो न्यूज से बातचीत में चौधरी ने बड़बोलापन दिखाते हुए बेतुका बयान देते हुए कहा, कूटनीतिक हार और सैन्य हार को ट्रॉफी लेने से इनकार करने से मिटाया नहीं जा सकता। उन्होंने आगे कहा, खेल भावना मायने रखती है। अगर आपके अंदर वह भावना नहीं है तो जीत या हार का कोई मतलब नहीं है। चौधरी ने भारत पर अपने देश में कट्टर राष्ट्रवाद भरने का आरोप भी लगाया और कहा कि खेल दोनों देशों के बीच शांति और प्रेम का माध्यम रहा है।

## रामपुर-शाहबाद विविध

# भाकियू टिकैत के राजपाल सिंह बने जिलाध्यक्ष

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने जिले में संगठन की कमान एक बार फिर बदल दी है। बंजरिया निवासी और सैदनगर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह को नया जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, अब तक जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे दरबारी लाल शर्मा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का महासचिव बनाया गया है।



करीब दो माह पहले धमोरा निवासी दरबारी लाल शर्मा को जगजीत सिंह गिल की जगह जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई थी। उस समय उनके मनोनयन को लेकर जिले के कुछ हिस्सों में किसानों ने विरोध भी जताया था। इसके बावजूद अपने कार्यकाल में उन्होंने प्रदेश महासचिव हसीब अहमद के नेतृत्व में किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर सक्रियता दिखाई और संगठन को मजबूत करने का प्रयास किया।

प्रदेश अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह यादव ने दरबारी लाल शर्मा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नई जिम्मेदारी दी है। वहीं, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने चौधरी राजपाल सिंह को रामपुर जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए मिठाई बांटी।

प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व की संस्तुति पर किया गया बदलाव संगठन को मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि दरबारी लाल शर्मा के कार्य को देखते हुए उन्हें बड़ी जिम्मेदारी मिली है। नए जिलाध्यक्ष के मनोनयन से कार्यकर्ताओं में भी उत्साह है।

# गलत दिशा से आई बाइक ने पीआरडी जवान को मारी टक्कर

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**मिलक ( रामपुर )।** ड्यूटी पर जा रहे पीआरडी जवान की बाइक में सामने से गलत दिशा में आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में पीआरडी जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कल्यानपुर निवासी शकुंतला देवी के अनुसार उनके पति पोशाकी लाल पीआरडी में कार्यरत हैं। 10 सितंबर की शाम वह बाइक से थाना खजुरिया में ड्यूटी के लिए जा रहे थे। कल्यानपुर और देवरी बुजुर्ग की गौटिया के बीच सामने से एक बाइक पर तीन युवक तेज गति से गलत दिशा में आ रहे थे। आरोप है कि बाइक चालक ने लापरवाही से उनकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से पोशाकी लाल सड़क पर गिरकर घायल हो गए। उनके सिर, सीने, हाथ और पैरों में चोट आई। हादसे में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस के अनुसार बाइक चालक की पहचान मैनी निवासी सुरेंद्र के रूप में हुई है। उसके साथ बाइक पर सवार दो अन्य युवक मौके से चले गए। मिलक सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर पोशाकी लाल को जिला अस्पताल भेज दिया गया। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# जियो ट्यूब से नदी की धारा रोकने की कवायद तेज

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बिलासपुर ( रामपुर )।** भाखड़ा डैम के जलाशय में बने करीब 20 फीट गहरे स्त्रोत को बंद करने के लिए नहर विभाग ने काम तेज कर दिया है। रविवार को जलाशय में जियो ट्यूब के सहारे करीब 20 मीटर लंबी दीवार खड़ी कर दी गई। अब एक और जियो ट्यूब में मिट्टी और बालू भरने का काम किया जाएगा। इसके बाद पानी की धारा को दूसरी दिशा में मोड़ने की योजना है।



तेज बहाव के बीच मजदूरों ने रविवार को पूरे दिन काम किया। जियो ट्यूब में बालू और मिट्टी भरकर उसे नदी के बीच स्थापित किया गया। एसडीओ नंद लाल आर्य और जेई वीर सिंह मौके पर रहकर काम की निगरानी करते रहे। दरअसलए भाखड़ा डैम के जलाशय में पानी के दबाव से फर्श टूटने के बाद करीब 20 फीट गहरा स्त्रोत बन गया है। इससे पानी तेजी से खलासी और दोनों पुलों के नीचे से दूसरी ओर जा रहा है। विभाग ने शनिवार से इसे नियंत्रित करने के लिए काम शुरू किया था। पीलीभीत से मंगाए गए मडपंप से जलाशय का पानी निकालने के साथ जियो ट्यूब में मिट्टी और बालू भरने का काम किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक पानी का रुख बदलने के बाद स्त्रोत को मडपंप से खाली कराया जाएगा। इसके बाद उसे भरने का काम किया जाएगा। एसडीएम आनंद कुमार कनौजिया ने बताया कि जलाशय में बने स्त्रोत को बंद करने की कार्रवाई तेजी से चल रही है।

## ठगी के मामले में हुआ मुकदमा

**शाहबाद ( रामपुर )।** पशुपालन योजना के तहत ऋण दिलाने के नाम पर लोगों से रकम लेने के मामले में पुलिस ने करीब पांच महीने बाद प्राथमिकी दर्ज की है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर दोबारा शुरू हुई जांच के बाद पुलिस ने शिकायतकर्ताओं से जानकारी जुटाई और अब मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

मोहल्ला आफगानान निवासी रिजवान ने पुलिस को बताया कि इस्लामिया स्कूल के सामने मेरठ निवासी आफताब खां ने ऋण कराने के लिए दुकान खोली थी। वह भैंस पालन और गोपालन योजना के तहत 25 लाख रुपये तक का ऋण दिलाने का दावा करता था। उसके भरोसे में आकर रिजवान ने रिश्तेदारों और परिचितों से करीब एक लाख रुपये जुटाकर उसे दे दिए। उसके दोस्त साकिब खां ने भी ऋण कराने के लिए 70 हजार रुपये दिए थे।

# धान के खेत में मिला कई दिन पुराना शव, नहीं हुई शिनाख्त

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**भोट ( रामपुर )।** सनकरा गांव के जंगल में रविवार को धान के खेत में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव राष्ट्रीय राजमार्ग से करीब 50 मीटर की दूरी पर पड़ा था। खेत में कीटनाशक का छिड़काव करने पहुंचे मजदूरों की नजर शव पर पड़ी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर फोरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शव करीब छह से सात दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष होने का अनुमान है। शव की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।


# अमर भास्कर

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्म्द राशिद
- उप संपादक : जहॉंगीर भारती
- दिल्ली प्रभारी : प्रतिमा पाठक


हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।

**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-


**अमर भास्कर कार्यालय**

**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**

**पिन कोड-243601**

***Email- amarbhashkar21@gmail.com***

***Whatsapp. No. 9411214614***

# ग्रामीण क्षेत्र में दिखा तेंदुआ, मचा हड़कंप



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** बरसात के मौसम में गंगा किनारे बसे ग्रामीण इलाकों में तेंदुए की दहशत बढ़ गई है। पिछले 10 दिन में दो बार तेंदुआ दिखाई देने के बाद ग्रामीणों में डर का माहौल है। हाल ही में सड़क किनारे झाड़ियों के पास बैठे तेंदुए का वीडियो सामने आया है। बाइक की रोशनी पड़ते ही तेंदुआ खेतों की ओर भाग गया। घटना रविवार रात गुन्नौर तहसील के गंगावास गांव के जंगल क्षेत्र में हुई। एक बाइक पर तीन लोग जा रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे झाड़ियों के पास तेंदुआ बैठा दिखाई दिया। बाइक की रोशनी पड़ते ही वह खेत की तरफभाग गया। बाइक चालक ने तेंदुए को देखकर बाइक रोकने की कोशिश की, लेकिन पीछे बैठे व्यक्ति के डरने पर उसने बाइक नहीं रोकी और वहां से आगे निकल गया। वन विभाग के अधिकारी बृजमोहन ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना के बाद पिछले 10 दिन से टीम गंगा किनारे लगातार गश्त कर रही है। पहले बिचपुरी सैलाब के जंगल में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया था, लेकिन वहां तेंदुए की कोई हलचल नहीं मिली। अब पिंजरा वहां से हटाकर गंगावास में लगाया जाएगा। इसके साथ ही तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कैमरे भी लगाए जाएंगे। वन विभाग की टीम ग्रामीण इलाकों में लगातार निगरानी कर रही है।

# भीषण सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौत



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** सोमवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से तीन महिलाओं की मौत हो गई। जिसमें करीब एक दर्जन लोग घायल हुए हैं, जिनका सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। ट्रैक्टर-ट्रॉली में 18 लोग सवार थे और वे मुरादाबाद में एक अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। तहसील संभल के हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के रहटोल में हुआ।

ट्रॉली का पिछला पहिया का एक्सल टूटने से वह अनियंत्रित होकर पलट गई। मृतक महिलाओं की पहचान पैंतिया माफी गांव, थाना असमोली निवासी ओमवती (60) पत्नी हरपाल, ममता (50) पत्नी दयाराम और चंद्रवती (55) पत्नी हरकेश के रूप हुई है। हादसे में घायल हुए ग्रामीणों को इलाज के लिए जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सड़क हादसे की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी संजय कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। एसडीएम विकास चंद्र और सीओ संभल कुलदीप कुमार ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना घायलों में पैंतिया माफी गांव, थाना असमोली निवासी वीरवती (35) पत्नी विजयपाल, आशा (35) पत्नी विजय सिंह, मूर्ति देवी (35) पत्नी राजकुमार, बाला (50) पत्नी हेमराज, प्रेमपाल (40) पुत्र दलपत, सुनील (40) पुत्र मेहर सिंह, विजय (40) पुत्र श्यामलाल, महेंद्र (65) पुत्र चेतराम, श्यामलाल (62) पुत्र डोरी लाल, राजकुमार (40) पुत्र श्यामलाल और संतोष (65) पत्नी राम सिंह शामिल सीओ कुलदीप कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली का पिछला पहिया का एक्सल टूटने से यह घटना हुई। इसमें 18 लोग सवार थे और वे एक अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। तीन महिलाओं की मौत हो गई है और अन्य घायलों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। मृतकों के शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को पकड़कर पीटा



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** दो बच्चों की मां से मिलने पहुंचे प्रेमी को महिला के परिजनों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। उन्होंने प्रेमी की पिटाई की और उसे पुलिस को सौंप दिया। इसके बाद वहां हंगामा हो गया। पुलिस ने प्रेमी और महिला के जेठ सहित चार लोगों को हिरासत में लेकर शांतिभंग की कार्रवाई की है।

गुन्नौर तहसील के रजपुरा थाना क्षेत्र के उम्मेदपुर डांडा गांव की है। प्रेमी नितिन कुमार इसी थाना क्षेत्र के रोरादीप गांव का रहने वाला है। वह शनिवार देर रात प्रेमिका से मिलने पहुंचा था। अपनी प्रेमिका के घर से जब नितिन निकलकर जाने लगा, तो परिवार के लोगों ने उसे देख लिया। उन्होंने शोर मचाकर उसे घेर लिया और पकड़ लिया। गांव में उसकी जमकर पिटाई की गई। कई घंटे बाद पुलिस को सूचना मिली और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दो बच्चों की मां के प्रेमी नितिन को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस युवक के साथ मारपीट करने वाले महिला के जेठ खेम सिंह और पड़ोसी विजेंद्र, रामपाल को भी थाने ले आई। थाना प्रभारी संदीप चौधरी ने बताया कि रोरादीप के नितिन और उम्मेदपुर गांव के खेम सिंह, विजेंद्र, रामपाल के खिलाफशांतिभंग की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के गांव के लोगों के बीच झगड़ा हुआ था।महिला थाने में प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी थी। इस पर महिला के ससुराल वाले उसे थाने से खींचकर घर ले आए और जबरन उठाकर घर के अंदर ले गए। बताया गया है कि दोनों के प्रेम संबंध को एक साल हो गया है। महिला का पति दिल्ली में काम करता है।

# एसपी ने गणेश रथयात्रा मार्ग का किया निरीक्षण



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** सोमवार को गणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर कस्बा चन्दौसी में निकलने वाली गणेश रथयात्रा के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सम्भल विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा रथयात्रा मार्ग पर पैदल गस्त कर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा रथयात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण एवं पुलिस बल की तैनाती का निरीक्षण किया गया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा शांतिपूर्ण एवं सकुशल रथयात्रा सम्पन्न कराने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु समस्त संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## सार-संक्षेप

### प्रदीप कुमार चौहान उर्फ नीटु एडवोकेट बने उपाध्यक्ष



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद के जिला महासचिव कुवर कुशवीर सिंह एडवोकेट ने बताया पंचायत परिषद उत्तर प्रदेश के प्रभारी ठाकुर गवेंद्र सिंह एडवोकेट में प्रदीप कुमार चौहान उर्फ नीटु एडवोकेट पुत्र स्वर्गीय विजेंद्र सिंह एडवोकेट निवासी छैरत अलीगढ़ को जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है उनको आज दीवानी परिसर में मानो नयन पत्र प्रदेश प्रभारी ने दिया उनके जिला उपाध्यक्ष बनने पर पंचायत परिषद के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व पार्षद ठाकुर सत्येंद्र सिंह महानगर अध्यक्ष पूर्व पार्षद धर्मवीर सिंह मौजूद थे।

### बड़ा शब्द कोष है



लेखक

**त्यागी अशोका कृष्ण**

आंचल में भरे हुए, ढेर सारे हीरे मोती।
भाव प्रेम भरा हुआ, विजय उद्घोष है।

बिहारी का कृष्ण प्रेम, जायसी की नागमती।
मीरा की दीवानगी है, भूषण का रोष है।

भाल ऊंचा किए हुए, सीना तान खड़ी हुई।
संस्कृत की प्रिय पुत्री, नहीं पितृ दोष है।

दुनिया में भाषा बोली, बोली जाती चाहे जो भी।
भाषा हिंदी सरताज, बड़ा शब्द कोष है।

### भाजपा नेता और समर्थकों के बीच विरोध

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** लोनी में रेस्तरां विवाद के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और समर्थकों के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। रविवार को क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में विधायक नंदकिशोर गुर्जर के समर्थन और विरोध में दो महापंचायतें आयोजित की गईं।सिरौली गांव में हुई हिंदू महापंचायत में लगभग चौबीस गांवों के लोग शामिल हुए। इस पंचायत में शामिल लोगों ने विधायक नंदकिशोर गुर्जर के समर्थन में एकजुट रहने का फैसला किया। मंच पर विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि और संत मौजूद थे, और वक्ताओं ने लोनी के निवासी हाजी सलमान से जुड़े विवादों पर सवाल उठाए। दूसरी ओर रिस्तल गांव में भाजपा नेता अनिल कसाना की अगुवाई में विधायक नंदकिशोर गुर्जर के खिलाफ महापंचायत की गई। इसमें लगभग बारह गांवों के लोग इकट्ठा हुए।

# एलएसडी की रोकथाम को लेकर पवांसा क्षेत्र में सघन टीकाकरण अभियान जारी



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सम्भल।** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशानुसार तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं प्रत्यक्ष निगरानी में जनपद सम्भल में लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम एवं गौवंशीय पशुओं की सुरक्षा के लिए सघन टीकाकरण अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विकास खंड पवांसा क्षेत्र में प्रभावित ग्रामों के आसपास रिंग वैक्सीनेशन कराते हुए इम्यून बेल्ट को और अधिक मजबूत किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत आज केली पतरासी, कमालपुरा, खानूपुरा, सेंदा, बहादुरपुर सराय उर्फ रायपुर, निरयावली, औरंगाबाद देवड़ी, शेरपुर, धनैता एवं सोतीपुरा सहित आसपास के ग्रामों में गौवंशीय पशुओं का सघन एलएसडी टीकाकरण किया गया। पशुपालन विभाग की टीमें गांव-गांव पहुंचकर पशुओं का टीकाकरण करने के साथ ही पशुपालकों को आवश्यक जानकारी एवं जागरूकता प्रदान कर रही हैं। विभागीय टीमों द्वारा पशुपालकों को एलएलडी के प्रमुख लक्षणों, संक्रमण से बचाव, पशुओं की स्वच्छता बनाए रखने तथा संक्रमित अथवा संदिग्ध पशुओं को स्वस्थ पशुओं से अलग रखने के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। पशुपालकों से अपील की गई है कि किसी पशु में एलएसडी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल विभागीय टीम अथवा निकटतम पशु चिकित्सा केंद्र को सूचना दें, ताकि समय से उपचार एवं आवश्यक नियंत्रणात्मक कार्रवाई की जा सके। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में प्रभावित क्षेत्र के आसपास रिंग वैक्सीनेशन को प्राथमिकता देते हुए टीकाकरण अभियान को लगातार तेज किया जा रहा है। अभियान का प्रमुख उद्देश्य प्रभावित क्षेत्र के चारों ओर मजबूत इम्यून बेल्ट तैयार कर एलएसडी के संक्रमण के प्रसार को प्रभावी रूप से रोकना तथा अधिक से अधिक गौवंशीय पशुओं को सुरक्षित करना है। पशुपालन विभाग द्वारा जनपद के अन्य क्षेत्रों में भी स्थिति पर लगातार निगरानी रखते हुए आवश्यकतानुसार टीकाकरण, उपचार एवं जन-जागरूकता की कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# श्री गंगा सेवा समिति के पदाधिकारियों का धूमधाम से हुआ भव्य स्वागत



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** श्री गंगा सेवा समिति के सौजन्य से समिति के पदाधिकारियो ने ब्रज क्षेत्र के नवनियुक्त उपाध्यक्ष ठा. प्रवीण राज सिंह से उनके निवास पर भेंट करके उन्हें इस गरिमामयी पद पर दायित्व संभालने के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। तथा सभी ने उन्हें अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर आशीर्वाद देते हुए कहा कि श्री प्रवीण जी के जुझारू व्यक्तित्व एवं कुशल नेतृत्व से क्षेत्र में संगठन एवं समाज को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर सभी ने भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व का भी आभार व्यक्त किया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा ठाकुर प्रवीण राज सिंह ने सभी श्री गंगा सेवा समिति के पदाधिकारियो को पटटा पहनाकर स्वागत किया, तथा मिष्ठान खिलाया। स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समिति के राष्ट्रीय संयोजक ठाकुर शयोराज सिंह, वीरेंद्र शर्मा भैया जी, मनोज शर्मा शैली, किरन कुमार झा, डा. कुंज बिहारी दुबे, त्रिभुवन झा, एम. पी. सिंह, ओ. पी. वर्मा, धर्मेंद्र स्वामी, आभा वार्ष्णेय, ओ पी शर्मा, अंशुल शर्मा, विनोद चौहान आदि मौजूद रहे।

# अखलेश्वर मंदिर में ईको फ्रेंडली गणेश जी लेने पहुंचे भक्तजन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** ईको फ्रेंडली भगवान श्री गणेश जी की स्थापना से घर में सकारात्मक ऊर्जा ही नहीं आती, वरन पर्यावरण भी सुधरता है। यह उद्गार श्री अखलेश्वर महादेव मन्दिर रघुवीर पुरी में आयोजित नि:शुल्क ईको फ्रेंडली श्री गणेश प्रतिमा वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार ने व्यक्त किये। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पीओपी की प्रतिमाओं से न केवल नदियां प्रदूषित होती हैं, बल्कि जलीय जीव जन्तुओं की मृत्यु भी हो जाती है। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं को इस्तेमाल पर भी जोर दिया मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश गौड़ ने कहा कि मिट्टी की प्रतिमाओं की स्थापना और विसर्जन सनातन की अक्षुण्ण परम्परा है। इससे नदियां भी जीवंत होती हैं। बाबा बर्फानी भक्त मण्डल के संरक्षक व कार्यक्रम संयोजक सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि श्री गणेश जी की प्रतिमाओं को लेकर छात्र-छात्राओं में जागरुकता अभियान भी चलाया गया, जिसमें बच्चों को पीओपी प्रतिमाओं से होने नुकसानों को बताया गया। प्रारम्भ में मुख्य अतिथि व अन्य लोगों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अंत में सचिव मनोज अग्रवाल ने सभी आए हुए भक्तों का आभार व्यक्त किया।

# कोतवाली पुलिस ने गुम और चोरी हुए मोबाइलों को मालिकों को किए सुपुर्द



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बाड़ी।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस के साइबर सेल से जुड़े कांस्टेबल वेदांत द्वारा कई महीनों की लगातार मेहनत के बाद चोरी और गुम हुए 10 मोबाइलों को खोज निकाला गया है। इन मोबाइलों को बरामद करने के बाद उनके मालिकों की सुपुर्द किया गया। सर्किल अधिकारी महेंद्र कुमार और कोतवाली एसएचओ महेंद्र शर्मा द्वारा जब यह मोबाइल उनके मालिकों के सुपुर्द किये गए तो किसी की आंखे झलकी तो कोई खुशी से फुला नहीं समाया।

सभी ने अपने-अपने हिसाब से पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए मोबाइल वापस मिलने पर आभार जताया। कोतवाली थाना अधिकारी महेंद्र शर्मा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान द्वारा हर थाने पर एक साइबर सेल से जुड़ा कांस्टेबल तैनात किया है। जो सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर यानि सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से थाने पर दर्ज गुम और चोरी गए मोबाइलों की वापसी को लेकर शिकायत दर्ज होने के बाद लगातार प्रयास करता है। बाड़ी थाने पर कांस्टेबल वेदांत ने कुछ महीनो में गुम हुए ऐसे ही 10 मोबाइलों को खोज निकाला है। जिनकी कीमत करीब 3 लाख रुपए है। ऐसे में जब मोबाइल वापस आए तो उनको उनके असली हकदार मालिकों को सूचना देकर थाने पर आने पर उन्हे सौंपा गया है। शहर के कीड़ी मोहल्ला निवासी राजा ने बताया कि उनका मोबाइल करीब डेढ़ वर्ष पहले गुम हो गया था। जिसकी शिकायत उन्होंने थाने पर दर्ज कराई थी। आज जब उनको मोबाइल वापस मिला तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ। क्योंकि लंबा समय बीतने के चलते उन्हें मोबाइल वापस मिलने की कोई उम्मीद नहीं थी। शहर की बनिया पाड़ा निवासी महिला उमा मित्तल पत्नी विजय मित्तल ने बताया कि 3 महीने पहले उनका मोबाइल चोरी चल गया था। घर पर काफी क्लेश हुआ। वे दूसरा मोबाइल भी नहीं खरीद पाई,हर वक्त मोबाइल की याद आती थी। जब पुलिस का फोन पहुंचा और और मोबाइल दिया गया तो आंखों में खुशी के आंसू आ गए। मलक पाड़ा निवासी सरफराज पुत्र शकील खान ने बताया कि एक साल पहले उनका मोबाइल चोरी चल गया था जिसे पुलिस ने बरामद कर लौटाया है। रेलवे स्टेशन निवासी प्रेमसिंह चौहान ने बताया कि पुलिस ने उनका मोबाइल ही नहीं एक विश्वास वापस लौटाया है। पुलिस चाहे तो क्या नहीं कर सकती,पुलिस की कार्रवाई बेहद सराहनीय है।

## पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**बाड़ी।** उपखंड की सदर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह पूर्व चोरी गई पांच भैंसों को धौ माता के पास जंगल से बरामद किया है साथ में दो भैंस चोरों को भी पुलिस ने पकड़ा है, जिनसे भैंस चोरी की वारदात को लेकर पूछताछ की जा रही है। सदर थाना अधिकारी मोहर सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर चोरी की घटनाओं में लिप्त आरोपियों की तलाश को लेकर लगातार अभियान चलाया हुआ है। उक्त अभियान के तहत मुखबिर तंत्र का भी सहयोग लिया जा रहा है। 9 सितंबर को थाने पर गांव अमरपुरा नादरौली निवासी पीड़ित मनीराम पुत्र भगवान सिंह मीना ने मामला दर्ज कराया था।

# 06 से रात 10 बजे तक प्रतिबंधित है ई-रिक्शा व ऑटो का संचालन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और प्रमुख मार्गों पर जाम की समस्या से आमजन को राहत दिलाने के लिए सारसौल चौराहे से बौनेर तिराहे तक ग्रीन कॉरिडोर विकसित कर प्रभावी यातायात प्रबंधन किया जा रहा है। इस मार्ग पर सुबह 06 बजे से रात 10 बजे तक ई-रिक्शा एवं ऑटो के संचालन पर प्रतिबंध लागू है।



पुलिस अधीक्षक यातायात प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि ग्रीन कॉरिडोर व्यवस्था के तहत सारसौल चौराहा, रसलगंज चौराहा, कंपनीबाग चौराहा, दुबे का पड़ाव चौराहा, एटा चुंगी चौराहा एवं बौनेर तिराहा समेत प्रमुख जाम वाले स्थानों पर यातायात पुलिस द्वारा आवश्यक पुलिस प्रबंध किए गए हैं। ई-रिक्शा एवं ऑटो को निर्धारित प्रतिबंधित समय में इस मार्ग पर प्रवेश न करने देने के लिए यातायात पुलिस लगातार निगरानी कर रही है। व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए नगर निगम एवं रोडवेज विभाग के साथ निरंतर समन्वय किया जा रहा है। यातायात पुलिस द्वारा परिस्थितियों के अनुसार आवश्यक यातायात प्रबंधन एवं पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा रहा है।

# आजाद समाज पार्टी ने राजा भैया को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** आजाद समाज पार्टी का दामन थामने वाले राजा भैया को जोन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष सुनील चित्तौड़ ने कहा कि राजा भैया उत्तर प्रदेश युवा राजनीति के चर्चित चेहरे है हर मामले पर सक्रिय रहते हैं और बेबाकी से युवाओं छात्रों के मुद्दे उठाते हैं युवाओं के अंदर उनकी बड़ती लोकप्रियता को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना सांसद चंद्र शेखर आजाद के निर्देश पर पार्टी ने इनको युवा मोर्चा की जिम्मेदारी सौंपी है। आजाद समाज पार्टी के तत्वावधान में लाल डिग्गी स्थित एक रेस्टोरेंट में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें



मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मंत्री सुनील कुमार चित्तौड़, विशिष्ठ अतिथि मेघ सिंह निमेष, अतिथि पूर्व मंत्री चौधरी महेंद्र सिंह रहे। सुनील चित्तौड़ ने कहा कि हम युवा और छात्रों को राजनीति में सक्रियता को देखते हुए उन्हें सम्मान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने 24 सितंबर को पूना पैक्ट दिवस के अवसर पर दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक ऐतिहासिक और बड़े आंदोलन का आह्वान किया है। जिसके छात्र और युवा बड़े स्तर पर पहुँचे की बात कही है। साथ ही राजा भैया को निर्देशित किया गया है की जोन प्रदेश जिले और विधान में कमेटी का गठन करेंगे और भारी मात्रा में युवाओं को पार्टी से जोड़ेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष किशोर कांत, मंडल अध्यक्ष गुफरान नूर, फरीद प्रधान, पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन कुमार, अंकुश कुमार, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा मोनू जाटव, कबीर अहमद, आशिफ प्रधान, शहर अध्यक्ष रवि गौतम, वरिष्ठ नेता और एएमयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष हुसैन वहीद अली, रिजवान ख़ान, शारिक चौधरी, अंसार सिद्दीकी, जैद, नदीम ख़ान, आदि लोग मौजूद रहे।

# जर्जर आवासों की तकनीकी जांच कराकर होगा स्थायी समाधान

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** विकास प्राधिकरण के संबंधित क्षेत्रों में भवनों की वास्तविक स्थिति का तकनीकी आकलन कराने के लिए प्राधिकरण के सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता की टीम गठित कर स्थलीय निरीक्षण की कार्रवाई शुरू कराई जा रही है।




प्राधिकरण के अनुसार स्थलीय निरीक्षण के दौरान भवनों की संरचनात्मक स्थिति, जर्जरता की गंभीरता तथा निवासियों की सुरक्षा से जुड़े पहलुओं का विस्तृत परीक्षण किया जाएगा। तकनीकी आकलन के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि किसी भी संभावित जोखिम को समय रहते दूर किया जा सके। विकास प्राधिकरण द्वारा जर्जर भवनों के स्थायी समाधान के लिए शासन द्वारा जारी उत्तर प्रदेश शहरी पुनर्विकास नीति-2026 के प्रावधानों के अनुरूप आगे की कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत प्रभावित भवनों का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराया जाएगा। तकनीकी परीक्षण के उपरांत निर्धारित मानकों के अनुसार पात्र भवनों को पुनर्विकास योजना में शामिल किए जाने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। पुनर्विकास की स्थिति में नियमानुसार संबंधित सोसायटियों, आवंटियों की दो-तिहाई सहमति प्राप्त की जाएगी। इसके बाद पीपीपी मॉडल अथवा प्राधिकरण स्तर से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कराकर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। सचिव विकास प्राधिकरण ने बताया कि प्राधिकरण के उद्देश्य जर्जर आवासीय भवनों से जुड़े जोखिमों का तकनीकी एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। प्राधिकरण द्वारा सुरक्षा मानकों को प्राथमिकता देते हुए आधुनिक सुविधाओं के अनुरूप आवासीय क्षेत्रों के पुनरुद्धार एवं पुनर्विकास की वैधानिक प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।

# सात साल की मासूम ने छोड़ा घर

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** हाथ में फिरोजाबाद से इटावा का रेलवे टिकट, एक पॉलीथिन में कपड़े और चप्पल और स्टेशन पर अकेली सात साल की बच्ची। रविवार को फिरोजाबाद रेलवे स्टेशन पर यह दृश्य देखकर जीआरपी कर्मियों को शक हुआ। ऑपरेशन मुस्कान के तहत गश्त कर रही पुलिस टीम ने बच्ची को अपने संरक्षण में लिया। बच्ची अपना नाम और पिता का नाम तो बता रही थी,



लेकिन पता नहीं बता पा रही थी। पुलिस ने टिकट घर और स्टेशन के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके बाद सिटी कंट्रोल रूम और सोशल मीडिया के जरिये बच्ची की जानकारी प्रसारित कराई। कुछ देर बाद तलाश करते हुए पहुंचे रिश्तेदारों ने बच्ची को पहचान लिया। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह के नेतृत्व में टीम रविवार को स्टेशन पर गश्त और चेकिंग कर रही थी। प्लेटफार्म नंबर एक/दो पर बने फुट ओवरब्रिज के नीचे बच्ची अकेली मिली। उसके पास कोई महिला या पुरुष यात्री नहीं था।

## सार-संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ।** रविवार को थाना सासनीगेट क्षेत्र में महिला ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। लोगों को जब जानकारी हुई तो क्षेख में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शव को कब्जे में लेकर अंतिम परीक्षण हेतु पोस्टमार्टम ग्रह भेज दिया। इस संबंध में सीओ प्रथम संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि कल्पना शर्मा ने कमरे का गेट अंदर से बंद कर रखा था। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की बात सामने आई है।

### जेठानी-देवरानी में जमकर हुई मारपीट, दोनों पहुंची थाने



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अकराबाद थाना क्षेत्र के गांव कल्यानपुर में तोरई तोड़ने को लेकर जेठानी और देवरानी में जमकर मारपीट के बाद दोनों महिलाऐं थाने पहुंची और एक-दूसरे के खिलाफशिकायत दर्ज कराई है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव कल्यानपुर निवासी पन्ना लाल की पत्नी मीना देवी और बाबू लाल के बेटे महेश पाल की पत्नी के घर पर लगी तोरई की बेल से तोरई तोड़ने को लेकर कहा सुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गयी। मारपीट के बाद दोनों महिलाएं अपनी शिकायत लेकर थाने पहुंचीं। उन्होंने एक-दूसरे पर जमकर आरोप लगाए और पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायतों की जांच कर रही है।

### आज होगा मण्डलीय पोल्ट्री कॉन्क्लेव आधुनिक कुक्कुट पालन और निवेश पर होगा मंथन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** कुक्कुट विकास नीति-2022 के प्रभावी क्रियान्वयन, पोल्ट्री क्षेत्र में निवेश एवं स्वरोजगार की संभावनाओं को बढ़ावा देने और आधुनिक एवं वैज्ञानिक कुक्कुट पालन तकनीकों के प्रति पशुपालकों और उद्यमियों को जागरूक करने के उद्देश्य से 15 सितम्बर को आयुक्त सभागार, अलीगढ़ में मण्डलीय पोल्ट्री कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डलायुक्त ओमप्रकाश आर्य करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि कॉन्क्लेव में प्रदेश स्तरीय अधिकारी एवं विशेषज्ञ आधुनिक कुक्कुट पालन, विभागीय योजनाओं, निवेश एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी जाएगी, साथ ही पोल्ट्री फार्मर्स एवं इच्छुक उद्यमियों से संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं पर भी चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में अलीगढ़ मण्डल के विभिन्न जिलों से पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में पोल्ट्री फार्मर्स एवं उद्यमियों के प्रतिभाग करेंगे।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर मेले को लेकर तैयारी जोरों पर

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** महिला सशक्तिकरण व मातृशक्ति की ओर से महर्षि बाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष अक्टूबर निकलने वाले मेले में सुशोभित झांकियां, बैण्ड, झांकी होंगी। जिसमें मौजूद मेला समिति की पदाधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गये।



पत्रकारों को संबोधित करते हुए महर्षि वाल्मीकि महोत्सव मेला समिति अलीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष स्नेहा शर्मा आजाद के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण व मातृशक्ति की एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें 31 अक्टूबर को होने वाले महर्षि वाल्मीकि महोत्सव मेला को भव्य व सफल कार्यक्रम को लेकर आज महोत्सव मेला समिति के संस्थापक संयोजक संदेश राज की संस्तुति पर समिति जिला अध्यक्ष महोत्सव मेला समिति के संस्थापक संयोजक संदेश राज की संस्तुति पर समिति जिला अध्यक्ष के रूप में श्रीमती भावना विजय समिति महानगर अध्यक्ष के रूप में श्रीमती पूनम शर्मा समिति जिला प्रभारी के रूप में डॉक्टर लक्ष्मी व समिति महानगर प्रभारी के रूप में मिंटू डगर को नियुक्त किया गया वही समिति की प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में सोनिका सिंह को जिम्मेदारी सोप गई वहीं प्रदेश अध्यक्ष स्नेहा शर्मा आजाद ने बताया कि 31 अक्टूबर को होने वाले मौसम मेले में भव्य रूप से मेहंदी प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता हुआ वहीं मंच पर ग्रुप डांस की सांस्कृतिक धार्मिक प्रतियोगिता भव्य रूप से आयोजित की जाएगी मेहंदी प्रतियोगिता प्रमुख अलका चौधरी रंगोली प्रतियोगिता प्रमुख लक्ष्मी शर्मा रेखा गौतम मेला इंचार्ज कविता करमचंदानी मेला रूप सजा प्रतियोगिता प्रमुख सिमरन कक्कड़ डांस ग्रुप प्रतियोगिता प्रमुख सोनिका सिंह समिति के प्रदेश अध्यक्ष स्नेहा शर्मा आजाद ने प्रेस वार्ता में सर्वश्री स्नेहा शर्मा भावना विजय रुति अरोड़ा हल्का चौधरी सोनिका सिंह मिंटू डेकोर पूनम शर्मा लक्ष्मी शर्मा डॉक्टर लक्ष्मी उपस्थित रहे।

# आगरा का फाइनल मैच फिरोजाबाद में स्थित ग्राउण्ड में आयोजित किया

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** अन्तर्जनपदीय पुलिस हॉकी प्रतियोगिता वर्ष-2026, आगरा जोन, आगरा का फाइनल मैच पुलिस लाइन फिरोजाबाद स्थित ग्राउण्ड में आयोजित किया गया। 19वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस हॉकी प्रतियोगिता वर्ष-2026, आगरा जोन, आगरा के फाइनल मुकाबले में पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में जनपद फिरोजाबाद की टीम विजेता फाइनल मुकाबले में पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में जनपद फिरोजाबाद की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि जनपद आगरा की टीम उपविजेता रही इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस



अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे एवं अपर पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद राजेश घुनावत द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बधाई दी गयी तथा सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। इस मौके पर सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी लाइन्स फिरोजाबाद जयबिंद कुमार गुप्ता व क्षेत्राधिकारी अपराध शेखर सेंगर एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया।

# एलएसडी की रोकथाम को लेकर टीकाकरण अभियान तेज

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ।** जिले की सीमाओं से लगे अन्य जिलों में लम्पी स्किन डिजीज के मामले सामने आने के मद्देनजर अलीगढ़ में पशुओं की सुरक्षा को लेकर टीकाकरण अभियान तेज कर दिया गया है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि सीमावर्ती गांवों के साथ ही सभी गौवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंश का प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निदेशालय से प्राप्त 1.84 लाख वैक्सीन डोज में से 1.30 लाख डोज का टीकाकरण किया जा चुका है और अभियान निरंतर जारी है। पशुपालकों को



एलएसडी के लक्षणों, बचाव के उपायों एवं आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। संदिग्ध अथवा लक्षणयुक्त पशु मिलने पर तत्काल सूचना देने के निर्देश पशु चिकित्सा अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में वैक्सीन एवं आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता है और स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में है। 14 एवं 15 सितम्बर को अपर निदेशक गोधन, लखनऊ द्वारा जिले में प्रवास कर टीकाकरण कार्य की समीक्षा एवं भौतिक सत्यापन भी किया जाएगा।

# विकास भवन सभागार कक्ष में आयोजित हुई जनगणना व स्व-गणना समीक्षा बैठक

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** जनगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष, सटीक और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज विकास भवन सभागार कक्ष में एक उच्चस्तरीय समीक्षा एवं प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं अपर जिलाधिकारी वि० एवं रा० कल्पना जयसवाल उपस्थित रहीं।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को दायित्वों के सही निर्वहन और डेटा की गुणवत्ता बनाए रखने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए। जनगणना प्रक्रिया के तहत कुल 40 प्रश्नों की प्रश्नावली तैयार की गई है, जिसमें मूलभूत जानकारी, जनसांख्यिकी, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विशेषताएं, भाषा, शिक्षा, आर्थिक गतिविधियां, प्रवास, प्रजननता तथा पहचान एवं अन्य विवरण शामिल हैं। जिलाधिकारी ने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को इन 40 प्रश्नों को त्रुटिरहित तरीके से भरने के लिए गहन प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने नागरिकों को अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए, स्व-गणना से न केवल प्रगणकों का कार्य सुगम होगा, बल्कि प्राप्त आंकड़े भी अधिक सटीक एवं प्रामाणिक होंगे।




इसके व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु ब्लॉक स्तर, शिक्षा विभाग, आईसीडीएस, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज तथा अन्य विकास विभागों के साथ-साथ सोशल मीडिया और स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों का भी सहयोग लिया जाएगा। बैठक के अंत में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं एडीएम वि० एवं रा० कल्पना जयसवाल ने स्पष्ट किया कि सटीक डेटा संग्रह से मतदाता सूची, लिंगानुपात और अन्य जनसांख्यिकीय आंकड़ों को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी, जो भविष्य की विकास योजनाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी, सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहें। इस बैठक जनगणना निदेशालय के अजीत सिंह, जिला प्रभारी जनगणना 2027 द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया

# जिला खेल कूद प्रतियोगिता में वालिया ग्लोबल एकेडमी की तनिष्का सहित चार विद्यार्थियो ने जीते गोल्ड मैडल





नजीबाबाद(अमर भास्कर ब्यूरो)। जिला खेल कूद प्रतियोगिता में वालिया ग्लोबल एकेडमी की तनिष्का सिंह सहित चार विद्यार्थियो ने गोल्ड मैडल जीते।

विद्यालय प्रबंध समिति एवं प्रधानाचार्य ने विजयश्री प्राप्त करने पर दी बधाई बिजनौर में आयोजित जिला एथलीट एसोसिएशन बिजनौर द्वारा नेहरू स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर जिला एथलीट मीट 2026 का आयोजन नेहरू स्टेडियम में किया गया जिसका नेतृत्व एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ एसपी देशवाल, सचिव ओम राज सिंह, एवं आयोजक कपिल राणा की देखरेख में किया गया जिसमें खेल शिक्षक मुकुल राठी, अजय कुमार, उत्सव चौधरी एवं समीक्षा सिंह का विशेष योगदान रहा वालिया ग्लोबल एकेडमी नजीबाबाद के चार विद्यार्थियो ने प्रतिभाग किया कक्षा 12 कामर्श की तनिष्का सिंह पुत्री चौधरी ईशम सिंह ने अंडर 18 आयु वर्ग की बालिका 110 मीटर बाधा दौड़ में प्रथम स्थान गोल्ड मैडल, एवं लम्बी कूद में कांस्य पदक ब्राज मैडल जीता कक्षा 11 बायोलोजी की दिव्यांशी ने अंडर 16 आयु वर्ग बालिका लॉन्ग जंप प्रथम गोल्ड मैडल जीता कक्षा 12 कामर्श के शिखर कुमार अंडर 20 में 110 मीटर बालक बाधा दौड़ में प्रथम गोल्ड मैडल जीता कक्षा 10 के आयुष कश्यप अंडर 18 को 100 मीटर दौड़ में प्रथम गोल्ड मैडल और ,200 मीटर में द्वितीय सिल्वर मेडल प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया सभी खिलाड़ियों को बधाई हार्दिक शुभकामनाए देते हुए विद्यालय प्रबंध समिति से रमाकांत वालिया, कमलकांत वालिया, प्रधानाचार्य अनीता सिवाच, भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, खेल शिक्षक दिवाकर त्यागी मोहित कर्णवाल, वरिष्ठ शिक्षक एवं समन्वयक कुमुद कुमार ने गोल्ड मेडल जीतने पर प्रतिभा करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है उन्होंने कहा कि विद्यालय के अध्यनरत छात्र-छात्राओं को इन्होंने छात्रों से सीख लेते हुए उन्हें भी अपने जीवन में आगे बढ़ाने में प्रेरणा लेनी चाहिए।

# स्योहारा : ओवरब्रिज की आस होने जा रही पूरी

## निर्माण सामग्री की गुणवत्ता परखी, समयसीमा में कार्य पूरा कराने के दिए निर्देश



**निर्माणाधीन रेलवे कार्य का सीपीएम अनिल कुमार गुप्ता ने किया निरीक्षण**

अमर भास्कर ब्यूरो

स्योहारा। नगरवासियों की लंबे समय से चली आ रही ओवरब्रिज की उम्मीद अब पूरी होने की दिशा में तेजी से बढ़ रही है। निर्माणाधीन रेलवे कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लेने के लिए चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर (सीपीएम) अनिल कुमार गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सीपीएम ने निर्माण कार्य में इस्तेमाल की जा रही सामग्री की गुणवत्ता को परखा और मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों से परियोजना की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। सीपीएम अनिल कुमार गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाए। साथ ही संबंधित ठेकेदार को कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा कराने के निर्देश दिए, ताकि परियोजना में अनावश्यक विलंब न हो और क्षेत्रवासियों के लिए निर्माणाधीन ओवरब्रिज एक महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके पूरा होने से रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से राहत मिलने के साथ ही आवागमन भी सुगम होने की उम्मीद है। निर्माण कार्य का उच्चाधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किए जाने से लोगों में परियोजना के समय पर पूरा होने की उम्मीद और मजबूत हुई है। निरीक्षण के दौरान डिप्टी गति शक्ति मनीष कुमार शर्मा, अधिशासी अभियंता ऋषभ दत्त ए, हरीश रावत समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एनकाउंटर के दौर में अदना सा वासु शहर में धनाधन कर रहा फायरिंग



**कई बार गया जेल, फिर भी लहराता फिरता है तमंचा, इस बार काजीपाड़ा में सरेराह की फायरिंग**

बिजनौर(अमर भास्कर ब्यूरो)। स्थानीय मौहल्ला रामलीला ग्राउंड के पास स्थित कांशीराम कॉलोनी निवासी वासु नाम का युवक कई बार फायरिंग कर चुका है और कई बार जेल भी गया, लेकिन एनकाउंटर प्रणाली वाले दौर में वासु पुलिस के काबू नहीं आ रहा है। जेल से छूटकर वो पुन आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता है। वासु सामान्य परिवार से है और किसी बड़े आपराधिक गैंग से उसका ताल्लुक भी नहीं, लेकिन यही अदना सा वासु क्यों पुलिस के काबू नहीं आ रहा ये बड़ा सवाल है। शनिवार रात को मौहल्ला काजीपाड़ा में इसी ने सरेराह फायरिंग करके इसका प्रमाण भी दिया है। शहर के मोहल्ला काजीपाड़ा में रात गोली चलने की घटना से हड़कंप मच गया। आरोप है कि बाइक सवार युवकों ने एक युवक का पीछा करते हुए सरेराह फायरिंग कर दी। गोली की आवाज सुनकर इलाके में दहशत फैल गई। बताया जाता है कि बुख्र का चौराहा निवासी आमिर पुत्र अफसर का रामलीला क्षेत्र निवासी वासु नाम के युवक से विवाद चल रहा है। आमिर का आरोप है कि एक दिन पहले वासु और उसके साथियों ने उसके साथ मारपीट की थी। इसके बाद उसने मेडिकल जांच कराने के बाद पुलिस को तहरीर दी थी। आरोपी वासु और उसके साथी तीन बाइकों से आमिर का पीछा करते हुए काजीपाड़ा पहुंचे। जान बचाने के लिए आमिर कारी अरशद वाली गली में घुस गया। इसी दौरान आरोपियों ने कथित तौर पर तमंचे से गोली चला दी। गोली की आवाज और शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे। इसी बीच वाल्मीकि बस्ती के कुछ युवक भी वहां पहुंच गए। लोगों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि हड़बड़ाहट में एक बाइक मौके पर ही छूट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से छोड़ी गई बाइक को कब्जे में लिया। पुलिस के अनुसार, मौके से एक लोडेड तमंचा और छुरा भी बरामद किया गया है। सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय ने बताया कि काजीपाड़ा में घटना हुई है। मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ब्राइटकैयर फाउंडेशन एंव धर्मनंदन चैरिटेबल ट्रस्ट की और से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन







**संस्था और हमारा मकसद जरूरतमंदों की है सेवा करनाः डा. मनोज वर्मा, डा शाश्वत वर्मा**

अमर भास्कर ब्यूरो

स्योहारा। ब्राइटकैयर फाउंडेशन एंव धर्मनंदन चैरिटेबल ट्रस्ट की और से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन वर्मा डायग्नोस्टिक सेंटर एंव चाइल्ड हॉस्पिटल पर आयोजित किया गया। जिसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ व बाल रोग विशेषज्ञ नें अपनी सेवाए मुफ्त दी।

हड्डी रोग विशेषज्ञ एमबीबीएस, एम एस, डीएनबी, आर्थो डाक्टर सिद्दार्थ देशवाल तथा बाल रोग विशेषज्ञ एम डी, डीसीएच डाक्टर शाश्वत वर्मा लगभग नें छ घंटे निशुल्क परामर्श दिया। ब्राइटकैयर फाउंडेशन एंव धर्मनंदा चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक डाक्टर मनोज वर्मा ने कहा कि संस्था का उद्देश्य जरूरत मंदों की सेवा करना है। इसी के चलते रविवार को दोनों विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा संस्था की और से मुफ्त कर दी गयी है जिससे क्षेत्र के जरूरमंद लोगों को इनका फायदा मिले। चिकित्सक शिविर मे सैकडों रोगीयों ने निशुल्क चिकित्सक परामर्श लिया। डाक्टर शाश्वत वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्राइटकैयर फाउडेशन एंव धर्मनंदा चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक डाक्टर मनोज वर्मा द्वारा यह निशुल्क चिकित्सा सिविर चलते रहेंगे। संस्था की और से जरूरतमंदो को निशुल्क दवाईयां वितरित कि गयी।

# खंडहर भवन में चल रहा है राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज



नगीना(अमर भास्कर ब्यूरो)। तहसील नगीना के ग्राम तिगरी मनकावाला में स्थित राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज तो खत्म हो गया लेकिन अस्पताल आज भी खंडहर भवनों में चल रहा है। थाना क्षेत्र के ग्राम तिगरी मनकावाला निवासी शिव कुमार ने बताते हुए कहा कि पूर्व में तिगरी मनकावाला में जो राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज था, उस समय में वहां मृतक व्यक्तियों के शवों का पोस्टमार्टम भी होता था। उन्होंने कहा कि आज यह मेडिकल कॉलेज व अस्पताल खंडहरों में तब्दील होकर पड़ा है। इन्हीं खंडहर पड़े भवनों में होम्योपैथिक चिकित्सालय अपनी पुरानी यादों को जिंदा रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं दे रहा है। लेकिन इस ओर किसी भी क्षेत्रीय सांसद-विधायक का खंडहर भवनों में चल रहे अस्पताल की ओर कोई ध्यान नहीं गया है, जिससे इसका जीर्णोद्धार हो सके।

# वृद्धा की संदिग्ध मौत से मचा हड़कंप, पुत्रवधू पर हत्या का आरोप





**पुलिस ने आरोपी पुत्रवधू को हिरासत में लेकर शुरू की मामले की जांच**

अमर भास्कर ब्यूरो

धामपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम करनावाला में करीब 65 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने उसकी पुत्रवधू पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बताई जा रही दरांती भी बरामद किए जाने की बात कही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करनावाला निवासी करीब 65 वर्षीय ओमवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के परिजनों ने उसकी पुत्रवधू प्रीति पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आरोपित बहू को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं, घटना में इस्तेमाल बताई जा रही दरांती बरामद किए जाने की भी जानकारी सामने आई है। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है और परिजनों द्वारा लगाए गए हत्या के आरोपों की भी जांच की जा रही है।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाईः सीओ**

*पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि सास और बहू के बीच अक्सर कहासुनी होती रहती थी। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।*

# अतिक्रमण पर चला पालिका का बुलडोजर, दुकानदारों में मचा हड़कंप



बिजनौर(अमर भास्कर ब्यूरो)। शहर में सड़क किनारे बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ रविवार को नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। टीम के साथ जेसीबी को देखते ही दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार कार्रवाई की भनक लगते ही दुकानों के - बाहर रखा सामान स्वयं अंदर समेटने लगे। दोपहर नगर पालिका के ईओ रामपाल, जेई यशवंत कुमार, टीएसआई रवि नैन और थाना प्रभारी अवनीत मान पुलिस एवं नगर पालिका की टीम के साथ जेसीबी लेकर जानी के चौराहे पर पहुंचे। टीम ने जानी के चौराहे से बिजनौर इंटर कॉलेज तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटवाया। अभियान के दौरान दुकानों के बाहर सड़क की सीमा तक रखे सामान और अन्य अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया। कई स्थानों पर अतिक्रमण हटाने के लिए जेसीबी की मदद ली गई। कार्रवाई के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुटी रही। अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि सड़क और सार्वजनिक स्थान पर दोबारा अतिक्रमण न किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण यातायात प्रभावित होने के साथ ही राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# बेहतरीन सुरक्षा व्यवस्था के साथ क्राइम खोलने में माहिर हैः थाना प्रभारी संजय तोमर



**घटनाओं के खुलासे से अपराधियों में खौफ, फरियादियों के बीच मृदुभाषी कार्यशैली की चर्चा**

अमर भास्कर ब्यूरो

स्योहारा। थाना प्रभारी संजय तोमर अपनी कार्यकुशलता और सक्रिय कार्यशैली के चलते लगातार चर्चा में हैं। एक ओर जहां उनके नेतृत्व में पुलिस टीम अपराध से जुड़ी घटनाओं के खुलासे कर आरोपियों को कानून के शिकंजे तक पहुंचाने में जुटी है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए भी पुलिस की सक्रियता दिखाई दे रही है।

थाना प्रभारी संजय तोमर की कार्यशैली का एक अहम पहलू यह भी है कि थाने पहुंचने वाले फरियादियों के साथ वह मृदुभाषी और सहज व्यवहार रखने पर जोर र देते हैं। यही वजह है कि फरियादियों के बीच भी उनकी कार्यशैली को लेकर सकारात्मक चर्चा देखने को मिल रही है। वहीं अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और आपराधिक घटनाओं के खुलासे के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इससे अपराधियों में पुलिस का खौफ और आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत होने की उम्मीद है। अपनी कार्यशैली को लेकर थाना प्रभारी संजय तोमर का कहना है कि उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए आदेश एवं दिशा-निर्देशों का पूरी निष्ठा के साथ पालन करना उनकी प्राथमिकता है। उनका उद्देश्य क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना और आमजन को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है। उन्होंने अपराधियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना को अंजाम देने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस हर स्तर पर सतर्क है और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी की सक्रियता से पुलिस की गश्त, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी और घटनाओं के शीघ्र खुलासे पर विशेष जोर दिखाई दे रहा है। संजय तोमर की कार्यशैली को लेकर क्षेत्र में यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि सख्ती के साथ कानून व्यवस्था संभालने और फरियादियों के साथ सहज व्यवहार रखने का संतुलन ही उनकी कार्यशैली की खास पहचान बनता जा रहा है।

# नन्हे-मुन्नों की प्रस्तुतियों पर झूमे दादा-दादी, भावुक हुआ माहौल

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे समारोह में दिखा तीन पीढ़ियों के प्रेम और संस्कारों का संगम






अमर भास्कर ब्यूरो

बिजनौर। दिल्ली पब्लिक स्कूल बिजनौर के प्री-प्राइमरी विंग में ग्रैंडपेरेंट्स डे का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय सभागार में स्लॉट-8 एवं स्लॉट-ए में हुए समारोह में बड़ी संख्या में दादा-दादी एवं नाना-नानी शामिल हुए। नन्हे-मुन्नों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या श्रीमती पायल कपूर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विशेष रूप से आमंत्रित दादा-दादी एवं नाना-नानी को स्नेह व सम्मान के प्रतीक स्वरूप टोकन ऑफ लव प्रदान किया गया। बच्चों ने गणेश वंदना गुरु ब्रह्मा से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद नर्सरी के विद्यार्थियों ने विभिन्न गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरीं। बच्चों के आत्मविश्वास और मासूम अदाओं ने दर्शकों को खासा प्रभावित किया। प्रधानाचार्या पायल कपूर ने अपने संबोधन में दादा-दादी एवं नाना-नानी के परिवार में महत्वपूर्ण स्थान और बच्चों के जीवन में उनके योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग परिवार की मजबूत नींव होते हैं और उनके अनुभव एवं संस्कार बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह का विशेष आकर्षण एलकेजी और यूकेजी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्किट रहे। स्लॉट-8 मेंब्हमारे घर की असली ताकत हमारे दादा-दादी तथा स्लॉट- द्वितीय में यादों का कारवां स्किट प्रस्तुत की गई। बच्चों ने दादा-दादी के स्नेह, उनके साथ बिताए खूबसूरत पलों और परिवार में उनकी भूमिका को बेहद भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। प्रस्तुतियों ने कई दादा-दादी एवं अभिभावकों को भावुक कर दिया। स्लॉट-द्वितु में शिक्षक मनप्रीत एवं आकृति के संचालन में इंटरैक्टिव क्विज भी हुआ, जिसमें दादा-दादी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन पवित्रा दलाल, वैष्णवी अग्रवाल, आदित्य चौधरी एवं नताशा सिंह ने सुश्री महक शम्सी के मार्गदर्शन में किया। समारोह का सफल आयोजन प्री-प्राइमरी कोऑर्डिनेटर श्रीमती बिंदु चौधरी के कुशल नेतृत्व में हुआ। समापन पर स्लॉट में मोहम्मद फजल तथा स्लॉट-ए में मोहम्मद याह्या ने आभार व्यक्त किया।

# केएम विवि में गणेश चतुर्थी पर्व व हिन्दी दिवस पर हुई गोष्ठी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय में हिन्दी दिवस पखवाड़ा 2026 के उपलक्ष्य में गणेश चतुर्थी पर्व और हिन्दी दिवस पर एक विशेष गोष्ठी का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एनसी प्रजापति, कुलसचिव डॉ. पूरन सिंह, परीक्षा नियंत्रक समीक्षा भारद्वाज, डिप्टी रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल, पशु चिकित्सालय के डीन अजय प्रकाश तथा प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। इसके पश्चात डॉ. अनीता चौधरी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, जबकि मंच का संचालन विजय कुमार एवं लॉ की छात्रा कुमारी यतीका ने संयुक्त रूप से किया।



समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने कविता-पाठ, भाषण, लोक नृत्य और नुक्कड़ नाटक जैसी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा, कला और भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक पेश की। विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि हिंदी केवल संवाद का जरिया नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, भावनाओं और राष्ट्रीय गौरव की पहचान है। कुलपति डॉ. एनसी प्रजापति ने कहा हिंदी हिंदुस्तान की पहचान है। आधुनिक युग में अंग्रेजी सीखना जरूरी है, लेकिन हमें अपनी मातृभाषा को कभी नहीं भूलना चाहिए। हमें हिन्दी है हम, वतन है हिन्दुस्तान हमारा के नारे का सम्मान करना चाहिए।

कुलसचिव डॉ. पूरन सिंह ने युवाओं को अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि हिंदी दिवस हमारी सांस्कृतिक विरासत को याद दिलाने और नई पीढ़ी के बीच इसे बढ़ावा देने का माध्यम है। परीक्षा नियंत्रक समीक्षा भारद्वाज व डिप्टी रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा के साथ अपनी भाषा और संस्कारों का विकास करना भी बेहद आवश्यक है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विजेता छात्र-छात्राओं को कुलपति एवं कुलसचिव द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान के.एम. यूनिवर्सिटी परिवार ने सभी से हिंदी को अपनाने और राष्ट्र की संस्कृति को आगे बढ़ाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। समारोह में सहायक रजिस्ट्रार अनिल चतुर्वेदी, शोभित श्रीवास्तव, विवेक सक्सेना, डॉ. प्रशांत कुमार, अनंत कुमार, रोहित तिवारी, डॉ. दिनेश सिंह, हरिओम, योगेन्द्र सिंह और डॉ. अमित कुमार सहित विभिन्न संकायों के डीन, प्रोफेसर एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वृंदावन रोड पर टूरिस्ट बस की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** वृन्दावन वात्सल्य ग्राम के समीप सोमवार सुबह रॉन्ग साइड से आ रही बस ने स्कूटी चालक को रौंद दिया। स्कूटी चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई, जिससे मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आक्रोशित होकर वात्सल्य ग्राम के सामने सड़क पर चक्का जाम कर दिया।

जानकारी के अनुसार अक्रूर गांव निवासी किशन निषाद प्रतिदिन की तरह रविवार सुबह अपनी सब्जी की दुकान लगाने के लिए घर से निकले थे। जैसे ही वह वात्सल्य ग्राम के सामने पहुंचे,सामने से रॉन्ग साइड में आ रही तेज रफ्तार बस ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि किशन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। रॉन्ग साइड से वाहन चलाने और आए दिन होने वाले हादसों से आक्रोशित लोगों ने मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने बस चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।




चक्काजाम के चलते सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर हंगामा कर रहे ग्रामीणों को मौके से खदेड़ा। इसके बाद यातायात बहाल कराया गया। पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास करते हुए कार्रवाई का भरोसा दिलाया और जाम खुलवाने की कोशिश की। क्षेत्राधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि दुर्घटना में शामिल बस को पुलिस ने जब्त कर लिया है। परिजनों की तहरीर और साक्ष्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू कर दी गई है।

## सार-संक्षेप

### सऊदी अरब में घायल भारतीयों को भारत का भरोसा दूतावास ने कहा पूरी मदद देंगे



**रियाद।** सऊदी अरब के जजान में हाल की घटनाओं में घायल हुए भारतीय नागरिकों को भारत ने पूरी मदद का भरोसा दिया है। घायल भारतीयों का जेद्दा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। जेद्दा स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह अस्पताल के अधिकारियों, प्रभावित भारतीय नागरिकों और उनके परिवार के सदस्यों के लगातार संपर्क में है। मिशन के मुताबिक, भारत के महावाणिज्यदूत फहद सूरी ने जेद्दा स्थित डॉ. सुलेमान फकीह अस्पताल में इलाज करा रहे भारतीय नागरिकों से मुलाकात की। ये भारतीय जजान में हाल की घटनाओं में घायल हुए थे। महावाणिज्यदूत ने घायल भारतीयों के स्वास्थ्य और कुशलक्षेम की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से बातचीत की और उन्हें दूतावास की पूरी मदद और सहायता का भरोसा दिलाया। हालांकि, दूतावास ने यह नहीं बताया कि कितने भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। अरब न्यूज के मुताबिक, शनिवार को यमन के हूती विद्रोहियों की ओर से दागा गया एक प्रक्षेप्य जजान के अल-तुवाल गवर्नरेट में गिरा, जिससे दो लोग घायल हो गए। हालांकि, भारतीय दूतावास ने यह पुष्टि नहीं की है कि जेद्दा के अस्पताल में इलाज करा रहे भारतीय नागरिक इसी घटना में घायल हुए हैं। क्षेत्र में हाल के दिनों में तनाव बढ़ा है। यमन के हूती विद्रोहियों की ओर से सऊदी अरब के दक्षिणी इलाकों में मिसाइल और ड्रोन हमले किए गए हैं। अखबार के मुताबिक, पिछले सप्ताह हूती विद्रोहियों ने अबहा, खमिस मुशैत, जजान और नजरान में नागरिक और आर्थिक ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किए थे। इन हमलों में महिलाओं और बच्चों समेत 73 लोग घायल हुए थे।

### गणेश चतुर्थी पर सजे गणेश पंडाल, धूमधाम से हुई विघ्नहर्ता की पूजा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** जनपद में आज गणेश चतुर्थी पर्व धूमधाम और महाउत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। घर-घर विघ्नहर्ता की पूजा की गई। मंदिरों में भगवान गणेश का पंचामृत अभिषेक किया गया। मंगलमूर्ति को उनके प्रिय लड्डुओं का प्रसाद अर्पित किया गया। गणेश पंडाल आज से शुरू हो रहे हैं। इससे पहले गणपति बप्पा की कई जगह सवारियां निकाली गई। प्रथम पूज्य गणेशजी की मंगल आरती और पूजा अभिषेक के साथ उनका गुणगान किया गया। प्रमुख गणेश मंदिरों पर सायंकाल फूल बंगले और रोशनी का आयोजन किया जा रहा है। असकुंडा स्थित मोटे गणेशजी मंदिर, असकुंडा स्थित गणेश टीले पर आज सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भगवान गणेशजी का चोला चढ़ाया श्रृंगार किया गया और आरती उतारी गई। विघ्नहर्ता की पूजा के लिए जगह-जगह भीड़ देखी गई। विद्यालयों में भी गणपति उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। पट्टियों का पूजन हुआ और डंडे भी पूजे गए। आज से गणेश पंडालों में महाउत्सव की तैयारियां शुरू हो जाएंगी।

वहीं चौबिया पाड़ा मे विराजमान महागणपति दशभुजी गणेश का गणेश चतुर्थी महोत्सव श्री दशभुजी गणेश सेवा समिति के तत्वावधान मे सोमवार को श्रीजी पीठाधीश्वर 108 श्री ठाकुरजी बाबा महाराज के सानिध्य में श्रीजी पीठाचार्य मनीष बाबा, कपिल बाबा के द्वारा महागणपति का पंचामृत महाभिषेक (दूध दही घी शहद बुरा) मधाय्ह्न काल मे किया गया अभिषेक के बाद गणपति विग्रह का षोडशोपचार पूजन एवं तिल के द्वारा सत्राअर्चन किया गया। गणेश जी का दिव्य श्रृंगार, पुष्प बंग्ला धारण कराया। रात्रि मे श्रीजी पीठाचार्य मनीष बाबा द्वारा रात्रि मे आरती पुश्पांजली के साथ उत्सव को विश्राम दिया जाएगा। मंगलवार को शाम 5 बजे से दशभुजी गणेश का छप्पन भोग दर्शन होंगे। कपिल बाबा ने बताया कि भारत वर्ष में गणेश मंदिर है, मथुरा में विराजमान दशभुजी गणेश विश्व में एकमात्र है, जिनके दशुभजा हो महागणपति है। कार्यक्रम मे मनीष चतुर्वेदी, कुलदीप चतुर्वेदी आशीष बाबा, दीपक, भास्कर बाबा, आचार्य उपेंद्र चतुर्वेदी, भैया चतुर्वेदी आदि भक्त उपस्थित रहे।

# संस्कृति विवि में आईटीसी ने प्रशिक्षण के लिए चयन किए विद्यार्थी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म द्वारा वर्चुअल प्रशिक्षण एवं चयन कार्यक्रम आयोजित किया गया। वेलकम होटल (आईटीसी) भोपाल के साथ हुए इस कार्यक्रम में चयन प्रक्रिया के समापन के पश्चात स्कूल ऑफहॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म के 14 विद्यार्थियों को आईटीसी भोपाल के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चुना गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित हॉस्पिटैलिटी संगठन के साथ प्रत्यक्ष उद्योग संपर्क प्रदान करना तथा उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं पेशेवर विकास के अवसरों से जोड़ना था। वर्चुअल सत्र के दौरान विद्यार्थियों को हॉस्पिटैलिटी उद्योग की कार्यप्रणाली, पेशेवर मानकों, कार्यस्थल की अपेक्षाओं तथा प्रशिक्षण एवं करियर के अवसरों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम की समन्वयक श्रीमती शुभांगी सक्सेना ने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों ने उद्योग विशेषज्ञों के साथ संवाद किया तथा अपनी पेशेवर योग्यता, आत्मविश्वास और उद्योग के लिए अपनी तैयारी का प्रदर्शन किया। चयन प्रक्रिया के सफल समापन के पश्चात



स्कूल ऑफहॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म के 14 विद्यार्थियों को आईटीसी भोपाल के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चयनित किया गया। चयनित विद्यार्थियों में चंद्रशेखर, अरबाज, अखिलेश, मनीष, आसिफ, संस्कार, सचिन, हर्ष, हिमानी, दिवाकर, केशव, राधेश्याम, सूरज, सत्यभान शामिल हैं।

यह विशेष कार्यक्रम ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक सुबेनॉय तालुकदार एवं स्कूल ऑफमैनेजमेंट एंड कॉमर्स के डीन डॉ. गंगाधर हुगार मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि आईटीसी भोपाल प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चयनित विद्यार्थियों के लिए जॉइनिंग की तिथि एवं ऑफर लेटर आईटीसी भोपाल द्वारा शीघ्र जारी किए जाएंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित हॉस्पिटैलिटी संगठन के कार्य वातावरण को समझने, व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने तथा अपने उद्योग-विशिष्ट ज्ञान एवं पेशेवर दक्षताओं को विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर करेगा। आईटीसी भोपाल के साथ आयोजित यह वर्चुअल प्रशिक्षण एवं चयन कार्यक्रम संस्कृति विश्वविद्यालय के उद्योगदृशैक्षणिक जुड़ाव को सुदृढ़ करने तथा विद्यार्थियों के लिए रोजगारपरक एवं अनुभवानात्मक अधिगम के अवसर बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

यह पहल विश्वविद्यालय की परिणामोन्मुखी शिक्षा, छात्र रोजगार क्षमता में वृद्धि तथा उद्योग-एकीकृत शिक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है।

# सराफा प्रतिष्ठान से करोड़ों की चोरी, व्यापारियों में हड़कंप

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** थाना क्षेत्र के विख्यात भरत मिलाप चौक स्थित सराफा बाजार में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान में रखी तिजोरी से लगभग 10 किलो सोना और 15 लाख रुपये की नकदी समेट ले गए। चोरी किए गए आभूषणों की कीमत करोड़ों में आंकी जा रही है। घटना की जानकारी होते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। तत्पश्चात व्यापारियों ने चोरों को पकड़ने की मांग करते हुए समूचे बाजार को बंद कर दिया।



बताते चलें कि नगर के प्रसिद्ध भारत मिलाप चौक स्थित सराफा बाजार में प्रसिद्ध जुगल किशोर अमित कुमार सराफ की दुकान संचालित है। रविवार की सांय दुकान स्वामी प्रतिदिन की तरह दुकान को बंद कर अपने घर चले गए। इस दौरान देर रात्रि अज्ञात चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए दुकान में धावा बोल दिया। बताते हैं कि चोर छत के रास्ते दुकान में घुस गए और चोरों ने तिजोरी को साफकर दिया। चोर तिजोरी से लगभग 10 किलो सोना और 15 लाख रुपये की नकदी समेट ले गए। इतना ही नहीं चोर सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी अपने साथ ले गए। चोरी गए आभूषणों की कीमत करोड़ों में आंकी जा रही है। घटना का पता सोमवार सुबह उस वक्त चला जब दुकान खोली गई। तिजोरी खुली देख पीड़ित व्यवसाई के होश उड़ गए। बाजार में इतनी बड़ी चोरी की खबर फैलते ही सैकड़ों व्यापारी मौके पर एकत्रित हो गए और आक्रोश जताते हुए सुरक्षा के विरोध में अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा सहित भारी पुलिस बल, एसओजी की टीम मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट और अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, शुरुआती जांच में सामने आई है कि चोरों ने किसी चाबी या तकनीकी माध्यम का इस्तेमाल कर बेहद शातिराना तरीके से तिजोरी को खोला है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा श्लोक कुमार ने बताया कि घटना के खुलासे और आरोपियों की धरपकड़ के लिए चार विशेष टीमों का गठन किया गया है। पुलिस टीम दुकान और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पीड़ित सराफ द्वारा दिए गए बयानों और संदिग्धों के इनपुट के आधार पर पुलिस कई बिंदुओं से जांच कर रही है। एसएसपी ने दावा किया है कि पुलिस टीमें निरंतर प्रयास कर रही हैं और जल्द ही घटना का अनावरण कर आरोपियों को जेल भेजा जाएगा सोमवार को सराफा बाजार में हुई करोड़ों रुपए की चोरी को लेकर व्यापारियों के स्वर मुखर होने लगे हैं। व्यापारियों का आरोप है कि सर्राफा बाजार में हमेशा ही पुलिस पिकेट तैनात रहती है। बावजूद इसके अज्ञात चोर दुकान से करोड़ों का माल और नगदी चुरा ले गए,और पुलिस तमाशबीन बनी रही। व्यापारियों ने पुलिस से घटना के जल्द खुलासे की मांग की है।

# 537 ग्राम की थायराइड गांठ का सफल ऑपरेशन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** गले में बनी 537 ग्राम की बड़ी थायराइड गांठ से परेशान मरीज प्रदीप का स्पंदन हॉस्पिटल में सफल ऑपरेशन किया गया। कई अस्पतालों में उपचार के लिए जाने के बाद निराश हुए प्रदीप को यहां उपचार की उम्मीद मिली। डॉ. हिमांशु जैन और उनकी टीम ने अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सावधानीपूर्वक किए गए उपचार के माध्यम से चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन को सफलतापूर्वक पूरा किया।




जानकारी के अनुसार प्रदीप के गले में काफी बड़ी थायराइड गांठ बन गई थी। इसे लेकर वह लंबे समय से परेशान थे। उपचार के लिए उन्होंने दिल्ली और मथुरा के कई अस्पतालों में चिकित्सकों से संपर्क किया, लेकिन जटिलता को देखते हुए उन्हें उपचार को लेकर निराशा हाथ लगी। इसके बाद प्रदीप स्पंदन हॉस्पिटल की जांच के बाद ऑपरेशन का निर्णय लिया। डॉक्टर और उनकी टीम ने 537 ग्राम की थायराइड गांठ को सफलतापूर्वक निकाल दिया।

डॉ. हिमांशु जैन ने बताया कि गांठ का आकार काफी बड़ा होने के कारण ऑपरेशन चुनौतीपूर्ण था। अत्याधुनिक मशीनों और सावधानीपूर्वक किए गए उपचार के साथ पूरी टीम के सहयोग से ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे जटिल मामलों में टीमवर्क और पूरी सावधानी बेहद महत्वपूर्ण होती है इलाज के बाद प्रदीप ने डॉ. हिमांशु जैन और उनकी पूरी टीम का आभार जताया। मरीज का कहना है कि वह उपचार के लिए कई जगह गया, लेकिन वहां से निराशा मिली। स्पंदन हॉस्पिटल में डॉक्टर ने उसका सफल इलाज किया। प्रदीप ने डॉक्टर की सराहना करते हुए कहा कि उनके लिए यह उपचार नई उम्मीद लेकर आया है और वह डॉ. हिमांशु जैन तथा उनकी टीम के हमेशा आभारी रहेंगे।

# सपा महिला सभा की बैठक में महंगाई और बेरोजगारी को लेकर सरकार पर साधा निशाना

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** बलदेव विधानसभा क्षेत्र के बलदाऊ मैरिज होम में समाजवादी पार्टी महिला सभा की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष बबीता यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला सभा की नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव डॉ. शबनम कुरैशी ने शिरकत की, जहां कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. शबनम कुरैशी ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दों पर मौजूदा भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि जनता महंगाई से त्रस्त है और प्रदेश में हर वर्ग परेशान है। इस दौरान उन्होंने सपा की नीतियों और घोषणा पत्र




का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार बनने पर महिलाओं को प्रतिवर्ष 40,000 रुपये, 300 यूनिट मुफ्त बिजली, 12वीं तक की छात्राओं को 20,000 रुपये और लैपटॉप दिए जाएंगे, तथा किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। महिला सभा जिलाध्यक्ष बबीता यादव ने कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में लखनऊ मेट्रो, एक्सप्रेसवे और कई विकास कार्य हुए, जबकि मौजूदा सरकार में मथुरावासी जलभराव, जाम और टूटी सड़कों जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनाव में पीडीए सरकार बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सावित्री चौधरी, सुनीता यादव, ममता माहौर, नरेश यादव, जफरुद्दीन, विवेक रावत समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारत-चीन रिश्तों में नरमी के बीच क्वाड सक्रिय हिंद-प्रशांत में आपदा राहत होगी तेज

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली और बीजिंग के बीच कूटनीतिक संबंधों में आई नरमी को मजबूत करने की कोशिशों के बीच क्वाड ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों को तेज करने के लिए प्रस्तावित लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को जमीन पर उतारने की दिशा में अहम कदम बढ़ाया है। ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका ने हाल ही में टोक्यो में एक टेबलटॉप अभ्यास पूरा किया, जिसका उद्देश्य क्वाड इंडो-पैसिफिक लॉजिस्टिक्स नेटवर्क (आईपीएलएन) को अधिक प्रभावी और व्यावहारिक स्वरूप देना था।



विदेश मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी बयान के मुताबिक, चारों देशों ने नेटवर्क के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को लेकर 'महत्वपूर्ण प्रगति' की है। इन प्रक्रियाओं के जरिए आईपीएलएन के लिए एक औपचारिक संस्थागत ढांचा तैयार करने की दिशा में काम आगे बढ़ाया जा रहा है।

जापान के रक्षा मंत्रालय की मेजबानी में 3 और 4 सितंबर को आयोजित इस अभ्यास में प्राकृतिक आपदा जैसी परिस्थितियों का काल्पनिक परिदृश्य तैयार कर चारों देशों की तैयारियों को परखा गया। अधिकारियों ने यह आकलन किया कि चारों साझेदार देशों के पास पहले से मौजूद लॉजिस्टिक्स संसाधनों को किस तरह एक साथ इस्तेमाल किया जा सकता है, ताकि मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों के दौरान आपसी तालमेल और संचालन क्षमता को बेहतर बनाया जा सके। अभ्यास का मुख्य जोर साझा संसाधनों के इस्तेमाल, समन्वित कार्रवाई और विभिन्न देशों की व्यवस्थाओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने पर रहाटोक्यो में हुआ यह अभ्यास आईपीएलएन के अप्रैल 2025 में हवाई में आयोजित शुरुआती टेबलटॉप अभ्यास के बाद हुआ है। इसके बाद दिसंबर में गुआम में एक फील्ड ट्रेनिंग एक्सरसाइज भी आयोजित की गई थी। इस पूरी कवायद के दौरान केवल लॉजिस्टिक्स व्यवस्था पर ही चर्चा नहीं हुई, बल्कि संकट की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और आपातकालीन राहत अभियानों के समन्वय के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया गया। प्रतिनिधिमंडलों ने हाल में आई बाढ़ से प्रभावित आबादी के प्रति संवेदना भी व्यक्त की और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत प्रयासों को अधिक प्रभावी बनाने की जरूरत पर जोर दिया। आईपीएलएन की शुरुआत सितंबर 2024 में क्वाड देशों के नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान एक नागरिक पहल के रूप में की गई थी। इसका उद्देश्य चारों देशों के मौजूदा लॉजिस्टिक्स संसाधनों का इस्तेमाल करते हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मानवीय सहायता और आपदा राहत यानी एचएडीआर अभियानों को अधिक तेजी और प्रभावी ढंग से संचालित करना है। साथ भारत की द्विपक्षीय रक्षा गतिविधियों का एक व्यापक सिलसिला भी जारी है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2023/91022